वार्षिक रिपोर्ट

2016-17

जीवन की निरन्तरता

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बी.ई.ई.)
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)
www.beeindia.gov.in

MINISTRY OF POWER
GOVT. OF INDIA

MINISTRY OF POWER
GOVT. OF INDIA

वार्षिक रिपोर्ट

2016-2017

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बी.ई.ई.)

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)

वार्षिक रिपोर्ट
2016-2017

विषय सूची

सूची		पृष्ठ संख्या
सामान्य		
1.1	मिशन	6
1.2	ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के उद्देश्य और इसकी भूमिका	6–7
1.3	महानिदेशक का प्रतिवेदन	8
1.4	ऊर्जा उपयोग के रूझान	9
1.5	ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की स्कीमें	9–25
1.6	राश्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और चित्रकला प्रतियोगिता	25–35
1.7	षासी परिशद् की संरचना	36–38
अंतर्राष्ट्रीय सहयोग		
2.1	अंतर्राष्ट्रीय द्विपक्षीय कार्यक्रम	40–46
2.2	बहुपक्षीय कार्यक्रम–जारी कार्यक्रम	46–48
ब्यूरो का लेखे		
3.1	पूंजीगत संरचना	50
3.2	वित्तीय परिणामों का सारांश	50
3.3	ब्यूरो की कार्यशैली में सुधार अथवा सुदृढ़ीकरण हेतु किए गए उपाय	50
3.4	लेखों का वार्षिक विवरण	50–81
प्रशासन		
4.1	शिकायत निवारण	83
4.2	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का कल्याण	83
4.3	अल्पसंख्यकों का कल्याण	83
4.4	राजभाषा का कार्यान्वयन	84
4.5	सतर्कता	84
4.6	दिव्यांग जनों का कल्याण	84

1

सामान्य

1.1 मिशन

1.2 ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के उद्देश्य और इसकी भूमिका

1.3 महानिदेशक की रिपोर्ट

1.4 ऊर्जा उपयोग के रूझान

1.5 ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की स्कीमें

1.6 राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और चित्रकला प्रतियोगिता

1.7 शासी परिषद की संरचना

1.1 मिशन

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का मिशन स्वत विनियमन और बाजार सिद्धांतों पर बल देते हुए, भारतीय अर्थव्यवस्था की ऊर्जा गहनता को कम करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की समग्र रूपरेखा के अंदर नीति और कार्यनीतियों का विकास करना है। इसे सभी पणधारियों की सक्रिय भागीदारी से प्राप्त किया जाएगा और परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता को त्वरित और निरंतर रूप से अपनाया जाएगा।

1.2 ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के उद्देश्य और इसकी भूमिका

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के उद्देश्य

- राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण गतिविधियों को नीतिगत रूपरेखा और दिशा–निर्देश प्रदान करना।
- व्यक्तिगत क्षेत्रों तथा राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा दक्षता सुधारों को मापने, उनकी निगरानी और जांच करने के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं की स्थापना करना।
- ऊर्जा के दक्ष उपयोग और इसके संरक्षण के लिए कार्यक्रमों और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में बहुपक्षीय, द्विपक्षीय तथा निजी क्षेत्र का सहयोग को बढ़ावा देना।
- पणधारियों की भागीदारी से ऊर्जा के दक्ष उपयोग और इसके संरक्षण से संबंधित कार्यक्रमों और नीतियों में समन्वय स्थापित करना।
- ऊर्जा संरक्षण अधिनियम में यथा विचारित ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रमों की योजना बनाना, उनकी देखरेख करना और उन्हें क्रियान्वित करना।
- ऊर्जा संरक्षण अधिनियम में यथा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार, निजी – सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से, ऊर्जा दक्षता सुपुर्दगी क्रियाविधि का प्रदर्शन करना।

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की भूमिका

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत तथा ब्यूरो को सौंपे गए कार्यों का निष्पादन करने के लिए ऊर्जा सरंक्षण/दक्षता के क्षेत्र में कार्य कर रहे अभिहित अभिकरणों, अभिहित उपभोक्ताओं और अन्य संगठनों के साथ समन्वय करता है।

इस अधिनियम में उपकरणों और यंत्रों के लिए मानक विकसित करने और लेबलिंग करने; वाणिज्यिक भवनों के लिए ऊर्जा संरक्षण कोड बनाने तथा ऊर्जा गहन उद्योगों के लिए ऊर्जा खपत मानदण्ड बनाने के लिए विनियामक जनादेश का प्रावधान है। वर्ष 2010 में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया गया और अधिनियम के मुख्य संशोधन निम्नानुसार हैं: विशिष्ट ऊर्जा संरक्षण भवन निर्माण संहिता विनिर्दिष्ट करना।

- केन्द्रीय सरकार ऐसे अभिहित उपभोक्ताओं को ऊर्जा बचत प्रमाण–पत्र जारी कर सकती है, जिनकी ऊर्जा खपत यथा निर्धारित पद्धति के अनुसार बनाए गए मानदण्डों और मानकों से कम हो।
- अभिहित उपभोक्ता, जिनकी ऊर्जा खपत निर्धारित मानदण्डों और मानकों से अधिक है, निर्धारित मानदण्डों और मानकों के अनुपालन के लिए ऊर्जा बचत प्रमाण–पत्र की खरीद करने के पात्र हैं।
- केन्द्रीय सरकार ब्यूरो से परामर्श करके खपत की गई ऊर्जा के बराबर तेल के प्रति मीट्रिक टन का मूल्य निर्धारित कर सकती है।
- वाणिज्यिक भवन, जिनके पास 100 किलोवाट का कनेक्टिड लोड या 120 किलोवाट या इससे अधिक की कॉन्ट्रेक्ट डिमाण्ड है, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत ईसीबीसी के दायरे में आते हैं।

संवर्धनात्मक भूमिका

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की प्रमुख संवर्धनात्मक भूमिका मे निम्नलिखित शमिल हैः

- ऊर्जा दक्षता और संरक्षण पर जागरूकता पैदा करना तथा जानकारी का प्रसार करना।
- ऊर्जा के दक्ष उपयोग और इसके संरक्षण के लिए कार्मिकों और विशेषज्ञों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करना।
- ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में परामर्शी सेवाओं का सुदृढीकरण।
- अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना।
- परीक्षण और प्रमाणन प्रक्रिया तैयार करना और परीक्षण सुविधाओं का संवर्धन।
- प्रायोगिक परियोजनाओं तथा निदर्शन परियोजनाओं को तैयार करना और उनको क्रियान्वयन का सरलीकरण।
- ऊर्जा दक्ष प्रक्रियाओं, उपकरणों, यंत्रों और प्रणालियों के इस्तेमाल को बढ़ावा देना।
- ऊर्जा दक्ष उपकरणों अथवा यंत्रों के इस्तेमाल के लिए तरजीही उपचार को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाना।
- ऊर्जा दक्ष परियोजनाओं के नवोन्मेशी निधीयन को बढ़ावा देना।
- ऊर्जा के दक्ष उपयोग और इसके संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- ऊर्जा के दक्ष उपयोग और इसके संरक्षण पर शैक्षिक पाठ्यक्रम तैयार करना।
- ऊर्जा के दक्ष उपयोग और इसके संरक्षण से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के कार्यक्रमों को कार्यान्वित करना।

1.3 महानिदेशक की रिपोर्ट

भारत ने जलवायु परिवर्तन की वैश्विक समस्या के समाधान के लिए ऊर्जा दक्षता के प्रवर्तन और संवर्धन में अग्रणी भूमिका निभाई है। भारत अपनी जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता को 2005 के स्तर से 33से 35 प्रतिशत तक की कमी करने के लिए स्वयं प्रतिबद्ध है।

जलवायु परिवर्तन में कमी लाने और निरन्तर विकास के लिए ऊर्जा दक्षता और संरक्षण का महत्त्व समझते हुए, माननीय प्रधानमंत्री ने सचिवों के 8 समूहों द्वारा मुख्य क्षेत्रों पर बल देने के लिए ऊर्जा दक्षता संरक्षण पर सचिवों के निष्ठावान समूह का गठन किया है।

भारत का त्वरित और निरन्तर विकास मुख्य रूप से ऊर्जा के विवेकसम्मत उपयोग और इसके सचरे पर नियन्त्रण पर निर्भर करता है। ऊर्जा के कुशल उपयोग और इसका संरक्षण ऊर्जा सुरक्षा की खोज के लिए अनिवार्य है।

विद्युत मंत्रालय के अन्तर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा कार्यान्वित ऊर्जा दक्षता स्कीमों में उपकरणों और यंत्रों के लिए मानक और लेबलिंग, राष्ट्रीय सवंर्धित ऊर्जा दक्षता मिशन (एनएमईईई) के अन्तर्गत निश्पादन, अधिप्राप्ति और व्यापार (पैट), कृषि, नगरपालिका और भवनों आदि में मांग पक्ष प्रबन्धन जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया हैं और जिसका उद्देश्य बाजार रुपान्तरण करना और ऊर्जा दक्षता में सुधार लाकर अन्ततः उत्सर्जन तीव्रता में कमी लाकर जलवायु परिवर्तन को कम करना है।

मानक और लेबलिंग कार्यक्रम में 21 उपकरण शामिल हैं, जिनमें से 5 उपकरणों में लेबलिंग आदेशात्मक कर दी गई है कि ऐसे उपकरणों को लेबलिंग किए बिना बेचना गैर कानूनी है। वर्ष 2016–17 के दौरान 3 और उपकरणों को आदेशात्मक लेबलिंग की श्रेणी में लाया गया। इस प्रकार आदेशात्मक लेबलिंग वाले उपकरणों की संख्या 8 हो गई।

राज्यों द्वारा भवन क्षेत्र के लिए ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) को अपनाना अपेक्षित है। अभी तक ईसीबीसी ने 10 राज्यों (राजस्थान, उड़ीसा, पंजाब, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, उत्तराखंड और पुडुचेरी संघ शासित प्रदेश, हरियाणा और पश्चिम बंगाल) को अधिसूचित किया है। हरियाणा, पश्चिम बंगाल और पंजाब को 2016–17 में अधिसूचित किया गया है।

उद्योगों में ऊर्जा दक्षता में सुधार लाने के लिए वर्ष 2012–13 में राष्ट्रीय सबंधित ऊर्जा दक्षता मिशन के अन्तर्गत निष्पादन, अधिप्राप्ति और व्यापार (पैट) का आरंभ किया गया, जिसमें 8 क्षेत्रों (एल्युमीनियम, सीमेंट, क्लोर अल्कली, उवर्रक, लौह व इस्पात, लुगदी और कागज, कपड़ा और थर्मल पावर प्लांट) के नामित उपभोक्ताओं को तीन वर्षों के चक्र में उसकी एसईसी को कम करने का लक्ष्य दिया गया। इस योजना का उद्देश्य इन क्षेत्रों में कुल ऊर्जा खपत में 4.05% की कमी लाना था और इससे पैट चक्र (2012–13 से 2014–15) में 6.686 मिलियन टन तेल के बराबर ऊर्जा बचत हुई।

पैट चक्र–I में अभिहित उपभोक्ताओं ने क्षमता से अधिक निष्पादन किया और 8.67 मिलियन टन तेल के बराबर ऊर्जा बचत की उपलब्धि हुई, जो लक्ष्य से लगभग 30% अधिक है। विद्युत मंत्रालय ने 306 अभिहित उपभोक्ताओं को लगभग 38.25 लाख ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी किए गए जबकि 110 अभिहित उपभोक्ताओं ने मुख्यतः उनके अनुपालन के लिए लगभग 14.25 लाख का क्रय करना था।

वर्ष 2016 के दौरान और अभिहित उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ाने एवं और अधिक क्षेत्रों को शामिल करने के लिए पैट की गहनता और विस्तारण का काम किया गया। पैट चक्र–II (2016–17 से 2018–19) ने 1 अप्रैल, 2016 से काम करना शुरु किया, जिसके अन्तर्गत उन 11 क्षेत्रों {मौजूदा 8 क्षेत्र और 3 नए अधिसूचित क्षेत्र अर्थात् रेलवे, रिफाइनरीज और विद्युत वितरण कम्पनियों (डिस्कॉम्स)} की 621 औद्योगिक इकाइयों को अधिसूचित किया गया, जो 2009–10 के स्तर पर देश की कुल ऊर्जा खपत का लगभग 50% हिस्से की ख्पत करते हैं।

1.4 ऊर्जा उपयोग के रुझान

भारत में ऊर्जा खपत की मुख्य विशेषता यह है कि यहां प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत निम्न है और शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के बीच बहुत अधिक असमानता है। वर्ष 2015–16 में हमारी प्रति व्यक्ति ऊर्जा और बिजली की खपत क्रमशः 670 किलोग्राम तेल के बराबर और 1075 किलोवाट आवर प्रति वर्ष है, औसतन विश्व का लगभग एक तिहाई है।

केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण की वर्श 2016 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्रीय ऊर्जा खपत की विशेषताएं निम्नानुसार हैं:



ऊर्जा की गहनता (2004–05 मूल्यों पर) वर्ष 2006–07 में 0.465 मेगा जूल प्रति रुपए से घटकर वर्ष 2014–15 में 0.284 मेगा जूल प्रति रुपए और 2015–16 में 0.271 मेगा जूल हो गई **(स्रोतः केन्द्रीय बिजली योजना)** । पिछले दशक से ऊर्जा की गहनता में कमी आई है। यह कमी संभवतः ऊर्जा मांग के मुकाबले जीडीपी में तेजी से वृद्धि, देश की अर्थव्यवस्था के विकास में सेवा क्षेत्र की बढ़ती हिस्सेदारी, ऊर्जा दक्षता कार्यक्रमों के उपयोग आदि के कारण आई है।

1.5 ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की स्कीमें

संस्थागत क्रियाविधि
- राज्य अभिहित अभिकरण का सुदृढ़ीकरण
- राज्य ऊर्जा संरक्षण निधि में योगदान

उपकरणों की स्टार रेटिंग
- 8 अनिवार्य लेबलयुक्त उपकरण
- 13 स्वैच्छिक लेबलयुक्त उपकरण

जागरूकता
- ऊर्जा संरक्षण अवार्ड
- चित्रकला प्रतियोगिता

राष्ट्रीय संवर्धित ऊर्जा दक्षता मिशन
- निष्पादन, अधिप्राप्ति और व्यापार (पैट)
- ऊर्जा दक्षता बाजार रूपांतरण (एमटीईई)
- ऊर्जा दक्ष आर्थिक विकास ढांचा (एफईईईडी)
- ऊर्जा दक्षता निधीयन मंच (ईईएफपी)

ऊर्जा दक्षता भवन निर्माण
- ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता
- पुराने भवनों को पुनः उपयुक्त बनाना
- आवासीय भवन निर्माण दिशानिर्देश

मांग पक्ष प्रबंधन
- कृषि मांग पक्ष प्रबंधन
- नगर पालिका मांग पक्ष प्रबंधन
- एसएमई में ऊर्जा दक्षता
- डिस्कॉम्स का क्षमता निर्माण

1.5.1 राष्ट्रीय संवर्धित ऊर्जा दक्षता मिशन (एनएमईईई)– वार्षिक रिपोर्ट (2015–16)

राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (एनएपीसीसी) के अंतर्गत आठ मिशनों में से एक राष्ट्रीय संवर्धित ऊर्जा दक्षता मिशन (एनएमईईई) है। एनएमईईई का उद्देश्य सहायक विनियामक और नीति व्यवस्था का सृजन करके ऊर्जा दक्षता के लिए बाजार को मजबूत बनाना है तथा ऊर्जा दक्षता क्षेत्र के लिए संपुष्टकारी नवप्रवर्तन तथा सतत व्यापार मॉडल का विकास करना है। एनएमईईई का उद्देश्य ऊर्जा दक्षता क्षेत्र में नवोन्मेशी प्रयासों के कार्यान्वयन के माध्यम से ऊर्जा दक्षता के लिए बाजार को सुदृढ़ बनाना है। (एनएमईईई) द्वारा चार नई शुरूआतें की गई हैं : निष्पादन, अधिप्राप्ति और व्यापार (पैट)–जिसका उद्देश्य बड़े ऊर्जा गहन उद्योगों में विशिष्ट ऊर्जा खपत को कम करना है; ऊर्जा दक्षता बाजार रूपान्तरण (एमटीईई)–जिसका उद्देश्य ऊर्जा दक्ष उपकरणों के प्रति बाजार का रूपान्तरण करना है; ऊर्जा दक्षता निधीयन मंच (ईईएफपी)–जिसका उद्देश्य वित्तीय संस्थानों और अन्य स्टेकहोल्डरों के लिए दक्षता निर्माण हेतु एक मंच उपलब्ध कराना है; और अन्ततः ऊर्जा दक्ष आर्थिक विकास ढांचा (एफईईईडी)–ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए वित्तीय साधनों को वित्तपोषण के लिए विकसित करना है।

यह मिशन, ऊर्जा दक्षता के बाजार खोलने के प्रयासों को उन्नत करना चाहता है, (जो अनुमानत लगभग 74,000 करोड़ का है) और इसके पूर्ण कार्यान्वयन स्तर पर, 19598 मेगावाट की कुल परिहार्य क्षमता वृद्धि प्राप्त करने में सहायता मिलेगी, प्रतिवर्ष लगभग 23 मिलियन टन की ईंधन बचत तथा प्रतिवर्ष 98.55 मिलियन टन की ग्रीन–हाउस गैस उत्सर्जन की कमी होगी।

(I) पैट चक्र–I निष्पादन उपलब्धि और व्यापार योजना (पैट)

पैट चक्र–I, 2014–15 को पूरा हो गया, जिसमें आठ ऊर्जा गहन क्षेत्रों से 478 अभिहित उपभोक्ताओं को शामिल किया गया जो भारत की कुल ऊर्जा खपत का लगभग 36% हिस्से की खपत करते हैं। इन अभिहित उपभोक्ताओं (डीसी) को दिए गए समग्र विशिष्ट ऊर्जा खपत (एसईसी) कटौती का लक्ष्य 6.686 मिलियन टन तेल के बराबर ऊर्जा बचत प्राप्त करना था। पैट चक्र–I मार्च 2015 में पूरा हो गया और इससे 8.67 मिलियन टन तेल के बराबर बचत हुई, जो देश को 2009–10 की कुल प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति का 1.25% है। इस ऊर्जा बचत से लगभग 30 मिलियन टन की CO_2 उत्सर्जन में कमी आई।

पैट चक्र–I के अभिहित उपभोक्ताओं को ट्रेडेबेल ऊर्जा दक्षता प्रमाण–पत्रों में परिवर्तित किया गया है। विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने 306 अभिहित उपभोक्ताओं को लगभग 38.25 लाख ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी किए हैं, जबकि 110 अभिहित उपभोक्ताओं को अपन अनुपालन हेतु लगभग 14.25 लाख ऊर्जा बचत प्रमाण–पत्र की मुख्यतः खरीद करनी थी। वीवीई ने पैट विनियमावली, 2012 में यथापरिभाषित इलैक्ट्रिोनिक प्ररुपों में ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने/खरीद करने के लिए एक ऑनलाइन पैट पोर्टल विकसित किया है।

पैट चक्र–II के अन्तर्गत नए अभिहित उपभोक्ताओं और क्षेत्रों को शामिल करने के लिए पैट की गहनता और विस्तारण का काम किया गया। इस विस्तारण के परिणामस्वरूप पैट के मौजूदा क्षेत्र से 89 डीसी को शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त तीन नए क्षेत्रों रिफाइनरी, रेलवे और विद्युत डिस्कॉम को पैट स्कीम के अन्तर्गत शामिल किया गया। पैट के दूसरे चक्र में (2016–17 से 2018–19) में सकल ऊर्जा खपत में 8.869 एमओटीई की की कटौती करने का लक्ष्य रखा गया, जिसके लिए इन ग्यारह क्षेत्रों (आठ मौजूदा क्षेत्र और तीन नए अधिसूचित क्षेत्र) के अन्तर्गत 621 डीसी को ऊर्जा कटौती का लक्ष्य दिया गया। इस ऊर्जा बचत से लगभग 31 मिलियन टन कार्बन डाईऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आई।

ऊर्जा पर संसदीय समिति की सिफारिशों के अनुसार प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अधीन जलवायु परिवर्तन पर कार्यकारी समिति तथा पैट के अन्तर्गत डीसी की संख्या बढ़ाने के लिए ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण के लिए सचिवों के समूह द्वारा चक्रानुक्रम के आधार पर इसव योजना का कार्यान्वयन किया गया। परिणामस्वरूप पैट चक्र–III को 1 अप्रैल, 2017 से आरम्भ किया गया। अपने तीसरे चक्र में पैट योजना में ऊर्जा खपत में 1.06 एमटीओई की कटौती करने का लक्ष्य रखा गया, जिसके लिए थर्मल पावर प्लांट, सीमेंट, एल्युमीनियम, लुगदी व कागज, लौह व इस्पात तथा कपड़ा जैसे छः क्षेत्रों से 116 अभिहित डीसी को एसईसी कटौती करने के लक्ष्य दिए गए। इस डीसी की मौजूदा ऊर्जा खपत 35.00 एमटीओई है।

(II) ऊर्जा दक्षता के लिए बाजार रूपान्तरण (एमटीईई)

मिशन के इस प्रयास का उद्देश्य उत्पादों को वहनीय बनाने के लिए नवोन्मेशी उपायों के माध्यम से अभिहित क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता उपकरणों को तेजी से बदलना है। एमटीईई के अन्तर्गत बाजार में ऊर्जा दक्षता उत्पादों के संवर्धन हेतु दो कार्यक्रम बचत लैम्प योजना (बीएलवाई) और अति दक्ष उपकरण कार्यक्रम (एसईईपी) आरम्भ किए गए।

बचत लैम्प योजना (बीएलवाई)

- बचत लैम्प योजना (बीएलवाई) का विकास अदक्ष बल्बों के बदले कॉम्पैक्ट फ्लोरेसेंट लैम्प (सीएफएल) लाने के लिए किया गया था। यह स्कीम भारत सरकार, निजी क्षेत्र के सीएफएल आपूर्तिकर्ताओं तथा राज्य स्तरीय विद्युत वितरण कम्पनियों (डिस्कॉम) के बीच संतुलित सार्वजनिक निजी भागीदारी के लिए एक अद्भूत मंच मुहैया कराती है। तापदीप्त लैम्प (आईसीएल) के बदले में आवासीय घरेलु उपयोग के लिए सब्सिडी प्राप्त मूल्य पर उच्च गुणवत्ता केसीएफएल वितरित करने के लिए एक ढांचा मुहैया कराती है। वर्तमान में बीएलवाई कार्यक्रम में एलईडी के प्रसार को सहायता देना तथा ईईएसएल और आरईसी जैसे प्रतिभागी अभिकरणों को तकनीकी सहायता मुहैया कराना शामिल है। अब तक ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (ईईएसएल) द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को 99.9 मिलियन एलईडी लाइटें और 7.5 लाख एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई जा चुकी हैं।

अति–दक्ष उपकरण कार्यक्रम (एसईईपी)

- एसईईपी कार्यक्रम, हस्तक्षेप के सांक्रितिक बिंदुओं पर नए.नए वित्तीय प्रोत्साहन मुहैया करवा के अति दक्ष उपकरणों के लिए बाजार का रूपांतरण करने हेतु तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहले उपकरण के रूप में स्वीकार्य किया गया अभिहित उपकरण छत का पंखा है। इसका उद्देश्य अति दक्ष 35 वाट के छत के पंखों को बाजार में लाना और उन्हें लगाने के लिए सहायता देना है, जबकि अब तक भारतीय बाजार में औसतन लगभग 70 वाट की रेटिंग के छत के पंखे बेचे गए हैं।

इस समय एलईडी के लिए प्रयुक्त मांग समूहन मॉडल को देखते हुए छत के पंखों के कार्यक्रम पर पुनः विचार किया जा रहा है।

(III) ऊर्जा दक्षता निधियन मंच (ईईएफपी) :

ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए वित्तीय संस्थाओं और परियोजना विकासकर्ताओं के साथ पारस्परिक बातचीत के लिए एक मंच मुहैया कराने के लिए एनएमईईई के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता निधीयन मंच (ईईएफपी) की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के लिए निधीयन को बढ़ाने हेतु बीईई द्वारा मैसर्स पीटीसी इंडिया लि., मैसर्स सिडबी, एचडीएफसी बैंक, टाटा कैपिटल तथा आईएफसीआई लिमिटेड के साथ पहले से समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

वित्तीय संस्थाओं की क्षमता निर्माण के लिए बीईई ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए ऊर्जा दक्षता निधीयन पर प्रशिक्षण के लिए भारतीय बैंक संस्था के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। आज की तारीख तक प्रशिक्षक कार्यशालाओं के चार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं और बैंकिंग/गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं के 100 से भी अधिक अधिकारियों को ऊर्जा दक्षता निधीयन पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बीईई ने "भारत में निधीयत ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं का सफलता वृतांत" पर एक लघु–पुस्तिका तथा "भारत में ऊर्जा दक्षता निधीयन की प्रशिक्षण नियमावली" का विमोचन किया है। इस लघु–पुस्तिका में सिडबी द्वारा निधीयत ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं की सफलता के 50 वृतांत तथों पूरे देश के ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं को अपनाने वाले 20 औद्योगिक क्षेत्र शामिल किए गए हैं। प्रशिक्षण नियमावली में ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं और उनकी विशेषताओं को समझने के लिए अपेक्षित सभी प्रशिक्षण मॉड्युल्स/प्रस्तुतियां शामिल हैं और इसका उद्देश्य ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के तकनीकी/वित्तीय मूल्यांकन में सहायता देना है।

ऊर्जा दक्षता निधीयन मंच के अन्तर्गत ऊर्जा दक्षता निधीयन के लिए उपलब्ध वित्तीय प्रलेखों हेतु जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है और वर्ष 2016 में पीआरजीएफईई तथा वीसीएफईई के लिए बाजार मूल्यांकन किया गया, जिसकी रिपोर्ट भी प्रकाशित की गई है।

(iv) ऊर्जा–दक्ष आर्थिक विकास ढांचा (एफईईईडी)

ऊर्जा दक्ष आर्थिक विकास ढांचा (एफईईईडी), ऊर्जा दक्षता निधीयन को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त वित्तीय प्रलेख के विकास पर बल देता है। इस सम्बन्ध में दो कार्यक्रम अर्थात् ऊर्जा दक्षता आंशिक जोखिम गारंटी निधि (पीआरजीएफईई) तथा ऊर्जा दक्षता उद्यम पूंजी निधि (वीसीएफईई) आरम्भ किए गए।

क) ऊर्जा दक्षता आंशिक जोखिम गारंटी निधि (पीआरजीएफईई)

एनएमईईई के अधीन, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के निधीयन में ऋण सम्बन्धी मुद्दों के समाधान के लिए

पीआरजीएफईई की स्थापना की है। पीआरजीएफईई ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के लिए भागीदार वित्तीय संस्थाओं (पीएफआई) द्वारा ऋण प्रदान करने में समाहित आंशिक कवरेज सहित एक जोखिम भागीदारी वाली क्रिया–विधि है। यह गारंटी 10 करोड़ प्रति परियोजना अथवा ऋण राशि का 50%, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगी। पीआरजीएफईई ने सरकारी भवनों, निजी भवनों (वाणिज्यिक अथवा बहुमंजिला आवासीय भवन), नगरपालिकाओं, लघु व मध्यम उद्यमों को सहायता प्रदान की है। यह गारंटी ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के लिए ईएससीओ को ऋण प्रदान करने वाली वित्तीय संस्थाओं को दी गई है।

पीआरजीएफईई के कार्यान्वयन/क्रियाकलापों की स्थिति

i. पीआरजीएफईई के अंतर्गत, विद्युत मंत्रालय ने पीआरजीएफईई के कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग करने के लिए एक समिति का गठन किया है।
ii. बीईई ने, जुलाई, 2015 में पीआरजीएफईई के प्रचालन के लिए आरईसीपीडीसीएल– आरईसी–ईईएसएल संकाय को कार्यान्वयनकर्ता अभिकरण के रूप में नियुक्त किया है।
iii. पीआरजीएफईई के लिए प्रचालन मैनुअल का अनुमोदन पहले ही हो चुका है।
iv. पीआरजीएफईई नियम, मई 2016 में अधिसूचित किए जा चुके हैं।
v. अभी तक पीआरजीएफईई के अन्तर्गत चार वित्तीय संस्थाओं– आन्ध्रा बैंक, यस बैंक, टाटा क्लीनटैक कैपिटल लि0 और आईडीएफसी को पैनल में रखा गया है।

ख) ऊर्जा दक्षता जोखिम पूंजी निधि (वीसीएफईई)

ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं में इक्विटी निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारत में ऊर्जा दक्षता जोखिम पूंजी निधि (वीसीएफईई) निधि बनाई गई। ऊर्जा दक्षता के लिए उद्यम पूंजी निधि एक ऐसी निधि है, जो ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के लिए इक्विटी पूंजी प्रदान करती हैं। यह निधि विशिष्ट ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं को अन्तिम सीमा तक इक्विटी सहायता प्रदान करती है, जो विशेष प्रयोजन माध्यम से अपेक्षित कुल इक्विटी के 15% अथवा 2 करोड़ रूपये, जो भी कम हो, तक सीमित है। यह सहायता केवल सरकारी भवनों, निजी भवनों (वाणिज्यिक अथवा बहुमंजिला आवासीय भवनों) और नगरपालिकाओं के लिए उपलब्ध है।

वीसीएफईई के कार्यान्वयन की स्थिति

i. वीसीएफईई का गठन भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 के प्रावधानों के अनुसार किया गया। न्यास विलेख उप. रजिस्ट्रार, दिल्ली सरकार के न्यायाधिकार में पंजीकृत है।
ii. वीसीएफईई के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी का गठन किया गया।
iii. वीसीएफईई के संचालन के लिए निधि प्रबंधक निर्धारित कर लिया गया।
iv. सरकार द्वारा 31 मार्च, 2017 को वीसीएफईई नियमावली अधिसूचित की गई।

ग) वित्तीय प्रोत्साहन

भारत में ऊर्जा दक्षता के संवर्धन के लिए करों में छूट जैसे वित्तीय प्रोत्साहन महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसीलिए बीईई बजट में कर छूट के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करता है। अभी तक बीईई द्वारा अनुमोदित महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव निम्नानुसार हैं:

i. कॉम्पैक्ट फ्लुओरेसैंट लैम्प (सीएफएल) के निर्माण में प्रयुक्त ट्राईबैंड फॉस्फोर को मूल सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट भी दी जा रही है।
ii. एलईडी लैम्प के निर्माण के लिए अपेक्षित एलईडी को भी विशेष अतिरिक्त शुल्क से छूट दी जा रही है।
iii. एलईडी पर उत्पाद शुल्क को 10% से घटाकर 6% कर दिया गया है।
iv. वर्ष 2015–16 में, एलईडी चालकों और एलईडी लाइटों, जुड़नारों और एलईडी लैम्पों के एमसीपीसीबी के निर्माण में उपयोग होने वाली वस्तुओं पर उत्पाद शुल्क को 12% से घटाकर 6% कर दिया गया है।
v. एलईडी चालकों और एलईडी लाइटों, जुड़नारों और एलईडी लैम्पों के एमसीपीसीबी के उत्पादन में प्रयोग होने वाली वस्तुओं पर विशेष अतिरिक्त सीमा शुल्क को 4% से घटाकर शून्य कर दिया गया है।

1.5.2 ऊर्जा संरक्षण भवन कोड (ईसीबीसी) एवं मौजूदा भवनों में ऊर्जा दक्षता

ऊर्जा संरक्षण भवन कोड (ईसीबीसी)

भारत सरकार द्वारा 27 मई, 2007 को नए वाणिज्यिक भवनों के लिए ऊर्जा संरक्षण भवन कोड (ईसीबीसी) विकसित किया गया था। ईसीबीसी 100 किलोवाट के संयोजित भार या 120 केवीए और इससे अधिक की अनुबंध मांग वाले नए वाणिज्यिक भवनों के लिए न्यूनतम ऊर्जा मानक निर्धारित करता है। जहां केंद्र सरकार को ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के अंतर्गत शक्तियां प्राप्त हैं, वहीं राज्य सरकारों को स्थानीय या क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार कोड को संशोधित करने और उसे अधिसूचित करने की छूट प्राप्त है। वर्तमान में, कोड कार्यान्वयन के स्वैच्छिक चरण में है।

ईसीबीसी देश के जलवायु क्षेत्रों, जहां भवन स्थित है, को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा निष्पादन के मानदंडों को परिभाषित करता है। भवन के वे प्रमुख घटक, जिनका कोड में उल्लेख किया गया है, वे इस प्रकार हैं:

- आवरण (दीवारें, छतें, खिड़कियां)
- प्रकाश व्यवस्था
- एचवीएसी प्रणाली
- वाटर हीटिंग और पम्पिंग प्रणाली
- इलैक्ट्रिकल विद्युत प्रणाली

यद्यपि ईसीबीसी का विकास ब्यूरो द्वारा किया गया है, इसके कार्यान्वयन का कार्य राज्य सरकारों और शहरी स्थानीय निकायों के पास उनके राज्यों में अधिसूचना के माध्यम से किया जाता है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, उत्तराखंड, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना राज्यों और पुडुचेरी संघ शासित क्षेत्र ने कोड को अधिसूचित किया है जबकि कई अन्य राज्य अपनी स्थानीय जरूरतों के अनुसार ईसीबीसी को में संशोधन करने का काम कर रहे हैं।

ईसीबीसी पर अद्यतन स्थिति

12वीं योजना के दौरान क्रियाकलापों के माध्यम से मौजूदा वाणिज्यिक भवनों निर्मित वातावरण तथा ऊर्जा दक्षता सुधारमें ईसीबीसी के कार्यान्वयन पर व्यापक स्तर पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और वर्ष 2015–16 के दौरान किए गए क्रियाकलाप इस प्रकार हैं:

- प्रौद्योगिक उन्नति, ऊर्जा मांग, आपूर्ति परिदृश्य के में बाजार परिवर्तन की दृष्टि से ईसीबीसी को अद्यतित करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इस प्रयोजन के लिए तकनीकी समितियां तथा कार्य समूह गठित किए गए। देश भर में क्षेत्रीय पणधारियों के लिए तीन कार्यशालाएं आयोजित की गईं।
- उत्तर प्रदेश, छतीसगढ़ और कर्नाटक राज्यों में ईसीबीसी सैल स्थापित किए गए हैं तथा महाराष्ट्र, ओडिशा, मध्यप्रदेश तथा बिहार राज्यों में ईसीबीसी सैल स्थापित किए जा रहे हैं।
- विभिन्न जलवायु जोनों में भवनों की विभिन्न श्रेणियों के लिए विभिन्न ईसीबीसी निदर्शन परियोजनाओं को तकनीकी सहायता प्रदान की गई।
- आंध्र प्रदेश केरल, तमिलनाडु, अरूणाचल प्रदेश, बिहार और छतीसगढ़ राज्यों में 13 ईसीबीसी गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम और आंध्र प्रदेश, केरल, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा राज्यों में क्षमता निर्माण के लिए 18 जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की गईं।
- ऊर्जा दक्षता पर राष्ट्रीय स्थायी आवास पैरामीटरों के अनुसार वाणिज्यिक भवनों/परिसरों के लिए ईसीबीसी के अनुसार

न्यूनतम ऊर्जा मानकों को अनिवार्य बनाने के लिए आदर्श भवन उपविधियां बनाई गई और इन्हें भाहरी विकास मंत्रालय द्वारा मौजूदा सरकारी आदेशों में शामिल करने के लिए परिचालित किया गया।

- राष्ट्रीय भवन निर्माण कोड (एनबीसी), 2005, जो एक व्यापक भवन निर्माण कोड है, देश भर में भवन निर्माण क्रियाकलापों का विनियमन करने के लिए दिशानिर्देश देने वाला एक राष्ट्रीय प्रलेख है। राष्ट्रीय भवन निर्माण कोड (एनबीसी) 2005 में, "सततता की ओर पहुँच" नामक एक नया अध्याय जोड़ते हुए ईसीबीसी को इसमें शामिल करके इसके परिशिष्ट को अन्तिम रूप दिया गया है, जिससे ईसीबीसी के दायरे को व्यापक बनाया गया।
- वाणिज्यिक भवनों में ऊर्जा दक्षता की उन्नत श्रेणियों को कार्यान्वित करने के दिशा निर्देशों को विकसित किया गया।
- बीईई और जीबीसीआई (हरित भवन निर्माण प्रमाणन इंक) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, दोनों पक्षों की संयुक्त रूप से भवन निर्माण ऊर्जा आंकड़ों को शेयर करने, प्रत्येयित एलईईडी व्यवसायिकों और ईसीबीसी विशेषज्ञों के कौशल उन्नयन करने पर सहमति हुई, जिससे ईसीबीसी के समकक्ष होने के लिए ईडीजीई जैसे साधनों का इस्तेमाल करते हुए बृहत्तर भवन निर्माण ऊर्जा दक्षता का वैधीकरण किया जा सकता है।
- विभिन्न श्रेणियों के भवनों के लिए ऊर्जा निष्पादन बैंचमार्क स्थापित करने के लिए 22 जनवरी 2016 का "वाणिज्यिक भवनों के लिए ऊर्जा बैंचमार्क" जारी किए गए।
- ईसीबीसी व्यवसायिकों को प्रशिक्षण देने तथा क्षमता निर्माण की स्कीम के अंतर्गत एमएनआईटी जयपुर, सीईपीटी अहमदाबाद तथा आईआईआईटी हैदराबाद में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करके अब तक 89 मास्टर प्रशिक्षुओं की पहचान की गई है। ये मास्टर प्रशिक्षु राज्यों की आवश्यकता के आधार पर राज्य सरकार/यूएलबी के कोड अनुपालन अधिकारी वास्तुशिल्प/अभिकल्पन व्यवसायियों को प्रशिक्षण देने के लिए उत्तरदायी होंगे।

आवासीय भवनों की अद्यतन स्थिति

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने, अप्रतिरोधी अभिकल्पन लक्षणों को शामिल करने के लिए "सम्मिश्र और ऊष्ण–शुष्क जलवायु क्षेत्रों केलिए ऊर्जा–दक्ष बहुमंजिला आवासीय भवनों के डिजाइन दिशानिर्देश" तैयार किए हैं। पहले भी घरों में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों और उपस्करों की लेबलिंग के माध्यम से ऊर्जा दक्ष आवासीय क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया था परन्तु अप्रतिरोधी अभिकल्पन लक्षणों पर विचार नहीं किया गया था।

मौजूदा भवनों की अद्यतन स्थिति

ऊर्जा सेवा कम्पनियां कारोबार मॉडल उपलब्ध कराती हैं जिनके माध्यम से मौजूदा भवनों में ऊर्जा बचत संभावनाओं का पता लगाया जा सकता है और भवन मालिकों के समक्ष आ रहे जोखिमों को दूर किया जा सकता है। प्रत्याशी अभिकरणों जिनके एस्को की सेवाएं लिए जाने की सम्भावना है, तथा वित्तीय संस्थानों के बीच विश्वसनीयता की भावना जगााने के लिए रेंटिंग की प्रक्रिया के द्वारा प्रत्यायनका कार्य करता है। कार्य–निष्पादन अनुबन्ध पर आधारित ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के कार्यान्वयन की सफलता, तकनीकी मानव भाक्ति की उपलब्धता, वित्तीय शक्ति आदि के अनुसार आवेदकों की रेटिंग की जाती है। रेटिंग का कार्य सेबी द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंसियों जैसे क्रिसिल, केयर और इकरा द्वारा किया जाता है। वर्तमान में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के साथ 139 ऊर्जा सेवा कंपनियां सूचीबद्ध है।

ऊर्जा दक्ष भवनों के लिए एक बाजार पूल को बढ़ावा देने हेतु ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने भवनों के लिए एक स्वैच्छिक स्टार रेटिंग कार्यक्रम तैयार किया है, जो भवनों के किलोवाट आवर/वर्गमीटर/प्रतिवर्ष में अभिव्यक्त क्षेत्रफल पर भवन में प्रयुक्त ऊर्जा के रूप में भवन के वास्तविक निष्पादन पर आधारित है। यह कार्यक्रम 1–5 स्टार पैमाने पर भवनों की रेटिंग करता है, भवन के सर्वाधिक ऊर्जा दक्ष होने पर 5 स्टार लेबल दिया जाता है। दिन में कार्य करने वाले कार्यालय भवनों, बीपीओ, अस्पतालों और शॉपिंग मॉलों के लिए स्टार लेबल तैयार किए गए हैं। आज की तारीख तक विभिन्न श्रेणियों में कुल 186 वाणिज्यिक भवनों की स्टार रेटिंग की गई है।

1.5.3 मानक और लेबलिंग स्कीम

मानक और लेबलिंग स्कीम (एसएण्डएल) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आरम्भ की गई अद्वितीय स्कीमों में से एक है। इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को ऊर्जा बचत के विकल्प से अवगत कराना है, जिससे ऊर्जा खपत वाले विभिन्न उपकरणों की संभावित लागत मे बचत होती है। मानक और लेबलिंग स्कीम में 21 उपकरण स्टार लेबलिंग में शामिल हैं जिसमें 8 उत्पादों को अनिवार्य बनाया है और शेष 13 उपकरण स्वैच्छिक स्कीम के अंतर्गत आते हैं।

एस एडं एल स्कीम के मुख्य लाभ

i. सुव्यवस्थित उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्राहकों को उपकरण खरीदते समय सही निर्णय लेने में सुविधा हो सके।

ii. अदक्ष ऊर्जा उपकरणों के बदले ऊर्जा दक्ष उपकरणों के लिए बाजार रूपांतरण का सृजन।

बीईई ने निरन्तर प्रयास करते हुए 12वीं योजना अवधि के दौरान निम्नलिखित लक्ष्य प्राप्त कर लिए हैं:

(i) 22990 मेगावाट की क्षमता का सृजन नहीं करना पड़ा

(ii) निम्नलिखित तीन उपकरणों का स्वैच्छिक क्षेत्र से आदेशात्मक क्षेत्र में परिवर्तनः

क. प्रत्यक्ष रूप से ठंडा करने वाला रेफ्रिजरेटर

ख. रंगीन टेलिविजन

ग. पानी स्टोर करने वाला इलैक्ट्रिक वाटर हीटर

(iii) बाजार में और अधिक ऊर्जा दक्ष उपकरण लाने के लिए प्रत्यक्ष रूप से ठंडा करने वाला रेफ्रिजरेटरों, रंगीन टेलिविजनों, कमरे में लगने वाले एयर कंडिशनरों, वितरण ट्रांसफॉरमरों और पानी स्टोर करने वाले इलैक्ट्रिक वाटर हीटरों के लिए ऊर्जा खपत मानकों में संशोधन किया गया।

जागरूकता कार्यक्रमः बीईई ने मीडिया (डिजिटल, प्रिन्ट और टेलिविजन) के माध्यम से उपभोक्ताओं के बीच एस एण्ड एल कार्यक्रम के बारे में जागरूकता का प्रसार करने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। इसमें निम्नलिखित क्रियाकलाप शामिल हैं:

(i) नए एयरकंडिशनरो, फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटरों, बीईई स्टार लेबल वाले एलपीजी स्टोवों के लिए स्टार लेबलों में परिवर्तन के बारे में विज्ञापन और बिजली बचाओ, देश बचाओ जैसे विज्ञापनों का जारी करना।

(ii) मानक और लेबलिंग पर एकमात्र रूप से ''राष्ट्रीय रिटेलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम (एनआरटीपी)'' नामक रिटेल सेल्समेन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ किया, जिसके अन्तर्गत एक ही अवधि में कई कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिसके द्वारा रिटेलरों को मानक और लेबलिंग कार्यक्रम से उपभोक्ताओं को होने वाले फायदों की जानकारी दी गई।

1.5.4 नगर पालिकाओं में मांग पक्ष प्रबंधन (एमयूडीएसएम) कार्यक्रम

बढ़ते हुए शहरीकरण के वैश्विक रुझान से स्ट्रीट लाइटों, जल पंपिंग, ठोस अवशेष प्रबन्धन, सीवेज ट्रीटमेंट और निपटान जैसी

सेवाएं प्रदान करने वाले नगरपालिका क्षेत्र/शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) से ऊर्जा मांग में अत्यधिक वृद्धि हुई है, जिनमें सामान्यतः अदक्ष रूप से बिजली के बहुत बड़े हिस्से की खपत होती हैं। कभी कभी ऊर्जा लागत नगर पालिका के बजट से 50% अधिक हो जाती है परन्तु दक्षता उपायों से इसे 25% तक कम किया जा सकता है। इस समय भारत की लगभग 30% जनसंख्या शहरों में रहती है और और ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार शहरों में हो रहे पलायन से शहरी/स्थानीय निकायों पर अतिरिक्त बोझपड़ रहा है। मांग पक्ष प्रबन्धन प्रयास उन मुख्य उपायों में से एक है, जिससे ऊर्जा दक्षता में सुधार किया जा सकता है और नगर पालिका क्षेत्र की बढ़ती हुई ऊर्जा लागत को कम किया जा सकता है।

नगर पालिका की ऊर्जा खपत की विशेषता यह है कि इसमें अक्सर परिवर्तन होते रहते हैं और पानी का पम्प चलाने के कारण प्रातःकाल में और स्ट्रीट लाइटें जलने के कारण सांयकाल में पावर लोड बढ़ जाता है। ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकी के सीमित प्रसारण और मांग पक्ष प्रबन्धन (डीएसएम) के प्रयासों के कारण बिजली के अदक्ष इस्तेमाल से नगर पालिकाओं द्वारा इस्तेमाल की गई ऊर्जा में पर्याप्त वृद्धि हुई है।वहनीय बिजली और ऊर्जा की आवश्यकता और इसकी कमी के कारण नगरपालिका मांग पक्ष प्रबन्धन (एमयूडीएसएम) कार्यक्रम को महत्त्वपूर्ण बना दिया है क्योंकि इससे यूएलबी की समग्र ऊर्जा दक्षता में सुधार किया जा सकता है, जिससे बिजली की खपत में काफी बचत हो सकती है और इसके परिणामस्वरूप यूएलबी के लिए लागत में कटौती/बचत हो सकती है।

नगर पालिका क्षेत्र में ऊर्जा बचत की भारी सम्भावना की पहचानते हुए, ऊर्जा निरन्तरता और कार्बन उत्सर्जन में कमी के महत्त्व को समझते हुए, बीईई ने XIवीं योजना के दौरान नगर पालिका मांग पक्ष प्रबन्धन (एमयूडीएसएम) योजना आरम्भ की। XIवीं योजना अवधि में प्राप्त मुख्य उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

- देश भर में 175 यूएलबी में स्थैतिक सर्वेक्षण किए गए।
- 134 यूएलबी में, निवेश ग्रेड ऊर्जा लेखापरीक्षा (आईजीईए) कराने के पश्चात् बैंक स्वीकार्य डीपीआर तैयार किए गए, जिससे 134 यूएलबी में ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के माध्यम से क्षमता सृजन से बचने के कारण 120 मेगावाट की समग्र सम्भावित बचत का अनुमान लगाया गया। बीईई द्वारा आगामी कार्रवाई के लिए अनुमोदित डीपीआर की साझा किया गया।
- 143 यूएलबी में तैयार किए गए डीपीआर के कार्यान्वयन को सरल बनाने के लिए ऊर्जा संरक्षण सैल बनाए गए।
- डीपीआर के अनुसार एक परम्परागत सम्पूर्ण निविदा प्रलेख सभी 134 यूएलबी से साझा किया गया।
- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका मांग पक्ष प्रबन्धन (एमयूडीएसएम) वैब पोर्टल विकसित किया गया। इस पोर्टल में इस कार्यक्रम के अधीन विकसित डीपीआर और ज्ञान सामग्री शामिल हैं।
- 105 शहरों में जल निकायों का स्थैतिक सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया गया, जिसमें 2430 पम्पिंग स्टेशन शामिल किए गए।

XIIवीं योजना के क्रियाकलाप

आज भारत में ऊर्जा दक्षता उद्योग के सामने आ रही सबसे महत्त्वपूर्ण चुनौती मांग पक्ष प्रबन्धन कार्यक्रमों के निधीयन के लिए स्रोतों/विकल्पों की सीमित उपलब्धता है। भारत जैसे विकासशील देश में नगर पालिकाओं में प्रायः डीएसएम प्रयासों के लिए संस्थागत क्षमता, निधियां प्रदान करने और कार्यान्वित करने की विशेषज्ञता की कमी होना है। यूएलबी की खराब वित्तीय स्थिति से उनके द्वारा परियोजनाओं के कार्यान्वयन के कार्य को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। इसके अतिरिक्त अदायगियां प्राप्त करने में एस्को भी आशंकित है। मूलभूत स्तर पर परियोजनाओं का कार्यान्वयन अत्यन्त आवश्यक है, जिससे प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, कार्यान्वयन साझेदारों, वित्तीय संस्थाओं आदि के बीच बाजार रूपान्तरण का सृजन हो सकेगा। अतः XIIवीं योजना के दौरान यूएलबी में निरुपण परियोजनाओं का कार्यान्वयन प्रायोगिक आधार पर किया जाना है । इसके अतिरिक्त, चुनिंदा यूएलबी के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की नियुक्ति करते हुए यूएलबी को तकनीकी सहायता दिए जाने पर विचार किया गया है। मोटे तौर पर, XIIवीं योजना के कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

- यूएलबी के ऊर्जा संरक्षण सैल की तकनीकी और प्रबंधकीय क्षमता का निर्माण करना।

- कुछेक यूएलबी में चुनिंदा डीपीआर के कार्यान्वयन द्वारा ऊर्जा बचत को मान्यता देना।
- जानकारी के आदान–प्रदान द्वारा कार्यान्वयन को अन्य यूएलबी के लिए दोहराना।
- ऊर्जा दक्षता में बाजार रूपांतरण करने के लिए विभिन्न पणधारियों को भाामिल करना।
- संस्थागत व्यवस्थाओं का सृजन करने के लिए राज्य शहरी विकासों को सरल बनाना जिसके द्वारा परियोजनाएं कार्यान्वित की जा सकें।

छः राज्यों अर्थात् बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में प्रायोगिक परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए यूएलबी निर्धारित करने और ऊर्जा दक्षता प्रायोगिक के प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए संचालन समिति का गठन किया गया। इसके बाद प्रायोगिक परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए इन छः राज्यों के सात यूएलबी को 1.226 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई जो अनुमानित परियोजना लागत का 90% है इन प्रायोगिक परियोजनाओं में गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश), उज्जैन (मध्य प्रदेश), फरीदाबाद, यमुना नगर (हरियाणा) और दुर्ग (छत्तीसगढ़) में एलईडी स्ट्रीट लाइटें; महाराष्ट्र के नागपुर नगरपालिका के कार्यालय भवन में ऊर्जा दक्षता उपकरणों एवं उपस्करों की स्थापना) बिहार में पटना नगरपालिका के पानी की सप्लाई करने वाले पम्पिंग सिस्टम में ऊर्जा दक्षता में सुधार करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, योजना के तकनीकी सहयोग के रूप में एक तकनीकी विशेषज्ञ की नियुक्ति के लिए प्रत्येक यूएलबी को 5 लाख रुपए भी दिए गए। प्रायोगिक परियोजनाओं की स्थिति निम्नानुसार हैः

- उज्जैन में 250 वाट की मौजूदा 1000 स्ट्रीट लाइटों को हटा कर 110 वाट (कुछ मामलों में 90 वाट) की एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई गई। इसके अतिरिक्त, उज्जैन द्वारा स्वतन्त्र रूप से 250 वाट की 10,000 स्ट्रीट लाइटों को 110 वाट (कुछ मामलों में 90 वाट) की एलईडी स्ट्रीट लाइटों से बदला गया।
- दुर्ग मे 150 वाट और 250 वाट की मौजूदा 600 स्ट्रीट लाइटों के बदले 60 वाट और 90 वाट की एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई गई। इसके अतिरिक्त, निकृष्ट पावर गुणवत्ता के समाधान के लिए केबल और अर्थिंक कार्य में निवेश किया गया।
- महाराष्ट्र में नागपुर नगरपालिका के कार्यालय भवन में ऊर्जा दक्षता उपस्करों और उपकरण लगाने की प्रायोगिक परियोजना को कार्यान्वित किया गया।
- गाजियाबाद में प्रायोगिक परियोजना कार्यान्वयन जारी है।

लाइटिंग कार्यक्रम की उपलब्धियां बताने और अन्य यूएलबी द्वारा ऐसे ही उपाय अपनाने को बढ़ावा देने के लिए अप्रैल, 2016 में ऊर्जा दक्षता लाइटिंग कार्यक्रम पर अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिल्ली में फरवरी, 2016 में राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन किया।

1.5.5 कृषि मांग पक्ष प्रबंधन (एजीडीएसएम) योजना

1) ब्यूरो द्वारा अतीत में ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता से संबंधित कार्रवाई

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, कृषि मंत्रालय के अनुसार, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान 14%, तथा निर्यातों में लगभग 11% है। लगभग आधी जनसंख्या के आय का प्रधान स्रोत कृषि पर निर्भर है और यह बहुत से उद्योगों के लिए कच्चे माल का स्रोत है। भारत की कुल जल खपत का लगभग 80% इस क्षेत्र में लगता है। पम्प सिंचाई प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण साधन है, वर्तमान में, 20 मिलियन से अधिक पम्पों में भारत की कुल राष्ट्रीय विद्युत का लगभग 19% खपत होती है।

इस क्षेत्र में 25%–30% की औसत दक्षता श्रेणी वाले अत्यधिक अदक्ष पम्पसेटों का उपयोग किया जाता है, जबकि स्टार श्रेणी के ऊर्जा दक्ष पम्पसेटों का दक्षता स्तर 40% से 45% है। कृषि क्षेत्रों के मांग पक्ष प्रबंधन में ऊर्जा दक्ष पम्प सैटों को बढ़ावा देकर मांग–आपूर्ति के बीच अंतर को उल्लेखनीय रूप से कम करने की क्षमता है।

ऊर्जा बचत क्षमता का दोहन करने के लिए, 11वीं योजना में आठ राज्यों अर्थात् महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और कर्नाटक के ग्यारह डिस्कॉम में ब्यूरो की एजीडीएसएम योजना आरंभ की गई जो कृषि की दृष्टि से गहन है और इस क्षेत्र में 70% से अधिक बिजली की खपत होती है। इस योजना में लगभग 20,750 पम्पसेट शामिल थे और डीपीआर आधारभूत अनुमान, ऊर्जा बचत क्षमता आकलन, जोखिम न्यूनीकरण उपायों, लागत लाभ विश्लेषण इत्यादि को शामिल करने के लिए बैंक को स्वीकार्य 11 विस्तृत परियोजना रिपोर्टें तैयार की गईं हैं। महाराष्ट्र राज्य में सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड के माध्यम से 2209 ऊर्जा दक्ष सक्षम स्टार रेटेड पम्प सैटों को सफलतापूर्वक बदला गया। शेष का प्रतिस्थापन किया जा रहा है।

2) 12वीं पंचवर्षीय योजना की गतिविधियां

XIIवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, निम्नलिखित हस्तक्षेपों द्वारा योजना में सतत ऊर्जा दक्षता को तेजी से बढ़ाने की प्रक्रिया बनाने का लक्ष्य है :

- नए कनेक्शनों के लिए बीईई स्टार लेबलयुक्त पम्प सैटों का उपयोग अनिवार्य करने के लिए विनियामक क्रियाविधि।
- डीपीआर का कार्यान्वयन सरल बनाना और अनुवर्तन तथा सत्यापन प्रोटोकोल स्थापित करना।
- सभी पणधारियों को तकनीकी सहायता देना और उनकी क्षमता का विकास करना।
- ग्रामीण जन स्वास्थ्य और पेयजल प्रणालियों में पंपिंग दक्षता।

3) क्रियाकलापों की वर्तमान स्थिति

i) हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश ओडिशा और केरल राज्यों ने स्टार रेटिड ईईपीएस के उपयोग के लिए राज्यव्यापी अधिसूचना जारी की है, जबकि छत्तीसगढ़, राजस्थान और गुजरात स्टार रेटिड ईईपीएस का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को निःशुल्क बिजली/प्रोत्साहन दे रहे हैं।

ii) मौजूदा पम्पों की ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान में एजीडीएसएम प्रायोगिक परियोजनाओं के कार्यान्वयन का कार्य आरम्भ किया गया है।

iii) कृषि मंत्रालय के सहयोग से महाराष्ट्र और कर्नाटक में किसानों के प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया और देशभर में बड़े पैमाने पर जागरूकता सत्र चलाने की योजना है।

iv) ग्रामीण पेय जल पम्पिंग प्रणलियों में ऊर्जा दक्षता उन्नयन के लिए निदर्शन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 10 राज्यों के सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग (पीएचईडी) ने अपनी अभिरुचि से अवगत कराया है। इस संघटक के अधीन मुख्य क्रियाकलाप इस प्रकार हैं:

- महाराष्ट्र में परियोजना कार्यान्वयन के लिए चुने गए चार स्थलों का व्यहार्यता अध्ययन किया गया और एक स्थल, मालपाथर पर निदर्शन परियोजना का कार्यान्वयन किया गया।
- पंजाब में आनन्दपुर साहिब के पास चार परियोजनाओं के लिए व्यहार्यता रिपोर्टें तैयार की गईं। इन रिपोर्टों का अनुमोदन बीईई और कार्यान्वयन एजेंसी (जल आपूर्ति और स्वास्थ्य विभाग) द्वारा किया गया।
- कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मिजोरम और झारखंड में व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है और इसके परिणामस्वरूप कार्यान्वयन किया जा रहा है।

1.5.6 लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई)

पृष्ठभूमिः

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र देश भर मे लाखों लोगों का स्व–रोजगार प्रदान करने के मुख्य सामाजिक उद्देश्य से महत्त्वपूर्ण है। एमएसएमई क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन, निर्यात और सकल राष्ट्रीय उत्पाद में महत्त्वपूर्ण रूप से अंशदान करता है।

देश भर में फैले एमएसएम इकाइयां ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों को अपनाते हुए ऊर्जा संरक्षण के रूपान्तरण के लिए बहुत से अवसरों की पेशकश करते हैं। ये अधिकांशतः क्लस्टर के रूप में स्थित हैं और क्लस्टर का आकार 50 से लेकर कुछ हजार तक होता है। एमएसएमई मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार भारत में प्रचालन करने वाली लगभग 36 मिलियन एमएसएमई हैं, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद की संख्या में मुख्य रूप से योगदान देते हैं और लगभग 80 मिलियन लोगों को रोजगार देते हैं। बहुत से एमएसएमई ऊर्जा गहन हैं जहां ऊर्जा लागत उत्पादन लागत का मुख्य हिस्सा है।

ऊर्जा बचत संभावनाओं और ऊर्जा बचत क्षेत्र से उत्पादन लागत में पर्याप्त बचत होने के बावजूद भी एमएसएमई जागरूकता के अभाव और सूचना विषमता के कारण इस अवसर का लाभ उठाने में असमर्थ हैं। इसके अतिरिक्त, बहुत अधिक प्रारम्भिक लागत और अनुकूल वित्तीय प्रणाली के अभाव ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकी में रूपान्तरण नहीं कर पाते हैं।

उपर्युक्त को देखते हुए, 12वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने भारत के पांच एसएमई क्लस्टरों ऊर्जा दक्षता और प्रौद्योगिकी उन्नयन पर महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाया है। इस कार्यक्रम का नाम ''एसएमई ऊर्जा दक्षता और प्रौद्योगिकी उन्नयन पर राष्ट्रीय कार्यक्रम'' है, जो भारत के पांच चुनिंदा क्लस्टरों में एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से बीईई द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इन क्लस्टरों में लुधियाना (फोर्जिंग), पंजाब, पाली (कपड़ा), राजस्थान; कोच्चि (सी फूड), केरल; इन्दौर (फूड), मध्य प्रदेश और वाराणसी (ब्रिक), उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

लक्ष्यः

12वीं योजना में निम्नलिखित चार मुख्य उद्देश्यों पर ध्यान दिया गया हैः

i. प्रौद्योगिकी अवरोधों को दूर करने के लिए ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों का डीपीआर बनाना और प्रदर्शित करना।

ii. क्लस्टरों में ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों और कार्य–विधियों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय सेवा प्रदाताओं को तकनीकी सहायता और क्षमता निर्माण।

iii. एमएसएमई क्षेत्र के लिए अनुवर्तन और सत्यापन मार्गनिर्देश तैयार करना।

iv. विभिन्न ऊर्जा दक्ष उपायों और कार्य–विधियों के प्रसार के लिए जानकारी साझा करने के लिए एक मंच का विकास करना।

क्रियाकलापों की स्थितिः

1. चुनिंदा पांच क्लस्टरों में क्लस्टर संघों, इकाइयों, एमएसएमई, अनुसंधान एवं तकनीकी संस्थाओं और स्थानीय सेवा प्रदाताओं के स्टेकहोल्डरों की प्रारम्भिक कार्यशालाएं आयोजित की गईं।
2. लुधियाना, वाराणसी, इन्दौर, कोच्चि और पाली की चुनिंदा इकाइयों में आधारभूत दक्षता लेखा परीक्षा (बीईए) का कार्य पूरा किया गया और कार्यान्वयन के लिए सर्वोत्तम ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकियों का निर्धारण किया गया।
3. ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकियों पर इकाई के मालिकों के बीच जागरूकता पैदा की गई।
4. 100 एमएस उद्यमों में से 63 उद्यम ऊर्जा दक्षता उपायों के कार्यान्वयन के लिए सहमत हो गईं।
5. विभिन्न ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकियों की आपूर्ति करने और सेवाएं प्रदान करने के लिए 70 स्थानीय सेवा प्रदाताओं की पहचान कर ली गई।
6. लुधियाना की 15 इकाइयों में फोर्जिंग क्लस्टर, इन्दौर और वाराणसी में फूड क्लस्टर और ब्रिक उत्पादन क्लस्टरों के कार्यान्वयन के बाद लेखा परीक्षा का कार्य पूरा किया गया।
7. पंजाब के विभिन्न फोर्जिंग क्लस्टरों अर्थात् मोगा, फगवाड़ा, जालंधर और लुधियाना में लेखा परीक्षा के बाद 5 जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

1.5.7 वितरण कम्पनियों का क्षमता निर्माण

पृष्ठभूमि :

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने वितरण कम्पनियों (डिस्काम्स) की क्षमता का निर्माण करने के लिए एक कार्यक्रम आरम्भ किया है। यह बीईई के अन्य कार्यक्रमों, जैसे कृषि मांग पक्ष प्रबन्धन, नगरपालिका मांग पक्ष प्रबन्धन, एसएमई (लघु और मध्यम उद्यम) उद्योग और मानक तथा लेबलिंग कार्यक्रम के साथ गहन रूप से जुड़ा हुआ है। यह कार्यक्रम इन क्रियाकलापों को मांग पक्ष प्रबन्धन (डीएसएम) के लिए डिस्काम द्वारा संचालित क्रियाकलापों के साथ जोड़ने में मदद करेगा। यह कार्यक्रम डिस्काम के क्षमता निर्माण तथा उनके संबंधित राज्यों में डीएसएम को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्य प्रणालियों के विकास में भी सहायता करेगा।

परियोजना की समग्र कार्य प्रणाली

इस कार्यक्रम का उद्देश्य भार प्रबन्धन कार्यक्रम चलाना, डीएसएम कार्य योजना का विकास करना और उनसे संबंधित क्षेत्रों में डीएसएम क्रियाकलापों का कार्यान्वयन करना है। अब तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित क्रियाकलाप आरम्भ किए जा चुके हैं:

i) इस कार्यक्रम के अंतर्गत 34 डिस्काम लाभार्थियों को डिस्कॉम के रूप में प्रतिभागिता करने के लिए चुना गया।

ii) बीईई और चुनिंदा डिस्कॉम के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें डिस्कॉम के लक्ष्यों को सम्मिलित किया गया है।

iii) 34 डिस्कॉम द्वारा डीएसएम सैल स्थापित किए गए हैं।

iv) 18 राज्यों में 27 डिस्कॉम के लिए डीएसएम विनियम अधिसूचित किए गए हैं।

v) डीएसएम से संबंधित क्रियाकलापों को सरल बनाने और डिस्कॉम को सहायता देने के लिए प्रत्येक डिस्कॉम को मानवभाक्ति सहायता प्रदान की गई है।

vi) 34 डिस्कॉम के लिए भार सर्वेक्षण और डीएसएम कार्य योजना का विकास कार्य आरम्भ किया गया है। 30 डिस्कॉम के लिए भार सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है और 18 डिस्कॉम्स के लिए डीएसएम योजना का अनुमोदन हो गया है।

vii) बीईई द्वारा डीएसएम और ऊर्जा दक्षता पर मास्टर प्रशिक्षणदाता तैयार करने के लिए डिस्कॉम्स के अधिकारियों के लिए

प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण सस्थान को नियुक्त किया गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 32 डिस्कॉम के 504 अधिकारियों को प्रशिक्षणदाता क्रियाकलाप के अन्तर्गत मास्टर प्रशिक्षणदाता के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। 34 डिस्कॉम्स के लगभग 5000 सर्किल स्तर के अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम पर काम चल रहा है।

1.5.8 राज्य अभिहित एजेंसियों (एसडीए) की संस्थागत क्षमता का सुदृढ़ीकरण

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 15(घ) के द्वारा यथापेक्षित राज्य सरकार के मौजूदा संगठनों में से एक को अभिहित करते हुए 35 राज्यों में से राज्य अभिहित एजेंसियों (एसडीए) की स्थापना की गई। ऊर्जा दक्षता उपायों के कार्यान्वयन और राज्यों की ऊर्जा गहनता में कमी लाने के लिए विद्युत मंत्रालय ने XIIवीं योजना के दौरान, संस्थागत सामर्थ्य और क्षमताओं को सुदृढ़ बनाने के लिए इन राज्य अभिहित एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना का अनुमोदन किया है। निम्नलिखित संघटकों के अन्तर्गत कार्य करने के लिए 205.31 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई:

- संस्थागत सामर्थ्य और क्षमताओं को सुदृढ़ बनाने के लिए इन राज्य अभिहित एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- राज्य ऊर्जा संरक्षण निधि (एसईसीएफ) को अंशदान देना।
- ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए मानव संसाधन विकास करना।

XIIवीं योजना के दौरान, निम्नलिखित संघटकों के कार्यान्वयन के लिए 35 एसडीए को 91.36 करोड़ रुपए की राशि का संवितरण किया गया, जैसे

- सर्वोत्तम ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों प्रभावोत्पादकता दर्शाने के लिए निदर्शन परियोजनाएं;
- एलईडी गांव अभियान
- राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में प्रवर्तन मशीनरी का संस्थानीकरण;
- राज्यों में ऊर्जा दक्षता मानदण्डों का आसानी से समन्वय करने, नियन्त्रण करने और लागू करने के लिए मानव शक्ति सहायता;
- कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न स्टेकहोल्डरों में जानकारी का प्रसार;
- राज्यों में ऊर्जा दक्षता का प्रचार और जागरूकता फैलाना;
- ऊर्जा दक्षता पर विकसित किए गए इंटरनेट प्लेटफार्म और अन्य डेटा बेस का रखरखाव और उनकां अद्यतन करना;
- राज्यों में किए गए ऊर्जा संरक्षण औरऊर्जा दक्षता क्रियाकलापों का प्रभाव का निर्धारण और विश्लेषण।

XIIवीं योजना की उपलब्धियां

XIIवीं योजना के दौरान, राज्य की अभिहित एजेंसियों (एसडीए) ने ऊर्जा दक्षता अधिनियम, 2001 के शासनादेश के अनुसार ऊर्जा प्रबन्धकों, ऊर्जा लेखा परीक्षकों और अभिहित ग्राहकों को उनकी भूमिका के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से उनके लिए कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे क्षमता निर्माण क्रियाकलाप किए। राज्य की अभिहित एजेंसियों द्वारा अपने अपने राज्यों में मीडिया और जागरूकता अभियान चलाए गए। इलैक्ट्रॉनिक और प्रिन्ट मीडिया, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान में बैनरों और लघु–पुस्तिकाओं के माध्यम से इन्हें बढ़ावा देने पर बल दिया गया। अधिकांश एसडीए ने ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया और उन लोगों की सराहना की गई, जिन्होंने राज्य में ऊर्जा दक्षता के काम को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त, योजना के अधीन पूरे किए गए कुछ सफल कार्य निम्नानुसार हैं:

- एसडीए द्वारा स्ट्रीट लाइटिंग और जल पम्पिंग सिस्टम के क्षेत्र में 20 निदर्शन परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

- 16 राज्यों में एलईडी गांव अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।
- पैट चक्र–I के दौरान अभिहित उपभोक्ताओं को सौंपे गए ऊर्जा कटौती लक्ष्यों के अनुवर्तन और सत्यापन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया और लक्ष्य से अधिक निष्पादन करने वालों को ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी किए गए।
- सभी एसडीए ने राज्य में किए गए ऊर्जा दक्षता प्रयासों को मुख्य रूप से दर्शाते हुए अपनी वेबसाइटें बनाई। सूचना का आसानी से आदान प्रदान करने के लिए इन वेबसाइटों को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो और अन्य एसडीए के साथ जोड़ा गया।

1.5.9 राज्य ऊर्जा संरक्षण निधि (एसईसीएफ) में अंशदान

पृष्ठभूमि

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 की धारा 16(1) के अनुसार राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों के प्रशासनों को राज्य के अंदर ऊर्जा के दक्ष उपयोग और इसके संरक्षण को बढ़ावा देने के प्रयोजन हेतु एक कोष का गठन करना अपेक्षित होगा, जिसे एसईसीएफ कहा जाएगा। इस संदर्भ में, एक स्कीम, जिसका नाम **"राज्य ऊर्जा संरक्षण निधि (एसईसीएफ) में अंशदान"** है, को XII वीं योजना के दौरान विद्युत मंत्रालय द्वारा 50 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय सहित अनुमोदित किया गया।

उद्देश्य

एसईसीएफ को, बाजार रूपांतरण के द्वारा ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के कार्यान्वयन को सरल बनाने के लिए एक साधन के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। ऊर्जा दक्षता परियोजनाएं चलाने के लिए एसईसीएफ के अंतर्गत वितरित की गई निधि का अधिकांश हिस्सा गतिशील निवेश निधि (आरआईएफ) के रूप में अलग से रखा जाना है। आरआईएफ का उपयोग केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार सहित सरकारी भवनों, केन्द्र या राज्य सरकार के उपक्रमों, ऊर्जा दक्षता स्ट्रीट लाइटिंग परियोजनाओं और सार्वजनिक पेय जल पम्पिंग स्टेशनों की ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं आदि के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

यह योजना सभी राज्यों और संघ शासित राज्यों को अधिकतम 4 करोड़ रुपए की राशि का अंशदान देती है, जो 2 करोड़ रुपए की दो किश्तो में दी जाती है। एसईसीएफ को अंशदान की दूसरी किश्त तभी दी जाती है जब राज्य बीईई की पहली किश्त के अंशदान के बराबर राशि प्रदान करते हैं। उत्तर पूर्वी राज्यो की राज्य सरकारों द्वारा 2 करोड़ रुपए के अंशदान के बराबर राशि देने की बजाय 25 लाख रुपए की राशि खर्च करने की छूट दी गई है।

स्थिति

अभी तक एसईसीएफ के गठन के लिए 27 राज्य सरकारों को प्रत्येक 2 करोड़ रुपए की निधि का संवितरण किया जा चुका है, जिसमें से XIIवीं योजना के दौरान 14 राज्यों को निधि का संवितरण किया गया। 20 राज्य सरकारों ने सम्बन्धित एसडीए में इसके अनुरूप अंशदान प्रदान किए।

1.5.10 विविध

ऊर्जा संरक्षण सूचना संग्रहण पद्धति

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने ऊर्जा खपत और उत्पादन के बारे में विभिन्न सूचनाएं तथा इससे सम्बन्धित अन्य सूचनाएं प्रस्तुत करने के लिए पैटनेट पोर्टल नामक एक ऑनलाइन प्लेटफार्म विकसित किया है। इसमें भामिल अभिहित उपभोक्ता और बीईई, विद्युत मंत्रालय, राज्य अभिहित एजेंसियों (एसडीए) के अधिकारियों का सूचना के संचयन, अनुवर्तन और मूल्यांकन के लिए इस मंच तक पहुंच बनाने की सुविधा प्रदान की गई।

ऊर्जा प्रबन्धनों और ऊर्जा लेखा परीक्षकों के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा :

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के अनुसार सभी अभिहित ऊर्जा उपभोक्ताओं के लिए किसी मान्यता प्राप्त ऊर्जा लेखा परीक्षक से ऊर्जा लेखा परीक्षा कराना और ऊर्जा प्रबन्धक को अभिहित या नियुक्त करना अनिवार्य है।

बीईई ने ऊर्जा प्रबन्धन, परियोजना प्रबन्धन, ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के वित्तपोषण और कार्यान्वयन एवं नीति विश्लेषण के कार्य के लिए अर्हता प्राप्त व्यावसायिक ऊर्जा प्रबन्धक और लेखा परीक्षकों का एक संवर्ग बनाने की चुनौती स्वीकार की है। बीईई द्वारा मई, 2004 से ऊर्जा प्रबन्धकों और ऊर्जा लेखा परीक्षकों के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा का नियमित रूप से आयोजन किया है।

इस समय देश में 17428 प्रमाणित ऊर्जा प्रबन्धक हैं, जिनमें 2004–2016 के दौरान ली गई 17 परीक्षाओं से 9220 प्रबन्धक प्रमाणित ऊर्जा लेखापरीक्षक के रूप में उत्तीर्ण हुए। राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा के माध्यम से ऊर्जा प्रबन्धकों और ऊर्जा लेखापरीक्षकों की क्षमता निर्माण से आगे चलकर भारतीय अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा और इससे ऊर्जा गहनता में भी कमी आएगी।

i) प्रमाणित ऊर्जा लेखापरीक्षकों की मान्यता

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001में केन्द्र सरकार द्वारा ऊर्जा गहन औद्योगिक इकाइयों को तथा अन्य संगठनों को "अभिहित उपभोक्ताओं" के रूप में अभिहित करने की शक्तियों का प्रावधान है, जो अन्य बातों के साथ–साथ मान्यता प्राप्त लेखापरीक्षकों से आवधिक रूप से ऊर्जा लेखा परीक्षा करवाती है। यह अधिनियम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को इस प्रयोजन के लिए ऊर्जा लेखा परीक्षकों को मान्यता देने का शासनादेश देता है।

मान्यता प्रदाता सलाहकारी समिति द्वारा प्रमाणित ऊर्जा लेखा परीक्षकों का मूल्यांकन किया जाता है और उनके नाम की सिफारिश की जाती है। इस समिति के अध्यक्ष बीईई के महानिदेशक होते हैं और इसके सदस्य केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, कोयला मंत्रालय से चुने जाते हैं और सिफारिश किए गए नामों का अनुमोदन ब्यूरो की प्रबन्धन सलाहकारी समिति द्वारा किया जाता है।

इस समय देश में लगभग 220 मान्यता प्राप्त ऊर्जा लेखापरीक्षक हैं।

ii) पैट के अन्तर्गत मान्यताप्राप्त ऊर्जा लेखापरीक्षक फर्मों का पैनल बनाना

सभी अभिहित उपभोक्ताओं (डीसी) द्वारा पैनल में रखे गए मान्यता प्राप्त ऊर्जा लेखापरीक्षकों से अनुवर्तन और सत्यापन करवाना अनिवार्य है। इस समय पैनल में रखी गई 52 मान्यता प्राप्त ऊर्जा लेखापरीक्षक फर्में हैं, जो सत्यापन और परीक्षण सत्यापन का कार्य कर रही हैं, जिसमें निष्पादन, प्राप्ति और व्यापार (पैट) के अन्तर्गत ऊर्जा खपत मानदण्डों और मानकों के अनुपालन के सम्बन्ध में अनुवर्तन और सत्यापन करना तथा ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र या उनकी खरीद करना शामिल है।

जागरूकता और पहुंच

जागरूकता अभियान का उद्देश्य ऊर्जा बचाने की आदत डालने की प्रभावकारिता ओर विशिष्टता के बारे में जनसाधारण के बीच जागरूकता पैदा करना है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की नीति के अनुसार, डीएवीपी और एनएफडीसी के द्वारा इलैक्ट्रॉनिक, आऊटडोर तथा प्रिन्ट के माध्यम से मीडिया अभियान चलाया। दूरदर्शन, टीवी चैनलों पर ऑडियो/वीडियो एम स्टेशनों द्वारा ''बटन दबाओ, बिजली बचाओ'' का प्रसारण किया गया और पूरे देश के रेलवे स्टेशनों, रेलगाड़ियों और बसों पर एलईडी/एलसीडी स्क्रीन लगाए गए। हिन्दी व स्थानीय भाषाओं में ऊर्जा बचाने के लिए विज्ञापन जारी किए गए। प्रिन्ट मीडिया में लेबलिंग और मानक कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए ऊर्जा दक्षता पर विज्ञापन प्रकाशित किए गए। एआईआर एफएम गोल्ड तथा रेनबो स्टेशनों पर बीस भाषाओं में ''बचत के सितारे, दोस्त हमारे'' नामक 15 मिनट का रेडियो कार्यक्रम भी प्रसारित किया गया।

प्रदर्शनियां : बीईई ने विद्युत मंत्रालय के पैविलियन के अन्तर्गत 14 से 27 नवम्बर, 2016 के दौरान, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में, भारत में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लिया। बीईई की विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियां दर्शाने के लिए स्टाल स्टाल लगाए गए। आगन्तुको को संवर्धनात्मक सामग्री जैसे इश्तिहार/ब्रोचर वितरित किए गए। बीईई ने गांधी नगर, गुजरात में 9 जनवरी, 2017 से 13 जनवरी, 2017 तक वाइब्रेंट गुजरात और ग्रेटर नोएडा में 23 जनवरी, 2017 से 25 जनवरी, 2017 तक इन्टलेक्ट 2017 में भी भागीदारी की।

प्रदर्शनियां : बीईई ने विद्युत मंत्रालय के पैविलियन के अन्तर्गत14 से 27 नवम्बर, 2016 के दौरान, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में, भारत में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लिया। बीईई की विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियां द र्शाने के लिए स्टाल स्टाल लगाए गए।आगन्तुको को संवर्धनात्मक सामग्री जैसे इश्तिहार/ब्रोचर वितरित किए गए। बीईई ने गांधी नगर, गुजरात में 9 जनवरी, 2017 से 13 जनवरी, 2017 तक वाइब्रेंट गुजरात और ग्रेटर नोएडा में 23 जनवरी, 2017 से 25 जनवरी, 2017 तक इन्टलेक्ट 2017 में भी भागीदारी की।

छात्र क्षमता निर्माण कार्यक्रम/छात्र जागरूकता

विद्युत मंत्रालय, सरकार भारत के 17 मई 2013 के पत्र के अनुसार, 12 वीं पंचवर्षीय योजना के लिए ऊर्जा संरक्षण जागरूकता, पुरस्कार और चित्रकारी प्रतियोगिता पर योजना के लिए भारत के राष्ट्रपति की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत यह जागरूकता कार्यक्रम ऊर्जा दक्षता के लिए छात्र क्षमता निर्माण पर जोर देता है। इस कार्यक्रम के तहत जागरूकता के लिए प्रस्तावित गतिविधियों निम्नानुसार है–

- राज्य शिक्षा बोर्ड के स्कूल पाठ्यक्रम में ऊर्जा दक्षता के अध्याय और 6 से 10 वीं मानकों के एनसीईआरटी पुस्तकों का समावेश।
- विद्यालय शिक्षा बोर्डों के पाठ्यक्रम/पुस्तकों के मॉड्यूल में ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण का परिचय।
- प्रशिक्षण, कौशल सुधार, स्टाफ स्टाफ, ऊर्जा पेशेवर और तकनीकी स्टाफ के उन्नयन
- पंप/बॉयलर/ हीटर/चिलर्स/प्रशंसकों आदि जैसे उपयोगिताओं के कुशल उपयोग के लिए ऊर्जा दक्षता पर टिप शीट/फ्लायर्स का विकास।
- स्कूल स्तर पर क्विज कार्यक्रमों और आईटीआई/डिप्लोमा इंजीनियरिंग कॉलेजों में डिबेट कार्यक्रमों जैसी जागरूकता गतिविधियां
- प्रतिकृति/सुदृढ़ीकरण/इको/एनर्जी क्लब्स की वृद्धि

किए गए गतिविधियां:

गतिविधि –1: संबंधित राज्य के कॉलेज पाठ्यक्रम में आईटीआई और डिप्लोमा इंजीनियरिंग कॉलेजों में ऊर्जा संरक्षण और इसके निगमन के लिए सामग्रियों का विकास:

पाठ्यक्रमों में ऊर्जा दक्षता और संरक्षण पर मॉड्यूल को पेश करने के लिए विश्वविद्यालयों/तकनीकी बोर्ड/राज्य बोर्डों को समझाने की आवश्यकता है। इस अवधारणा को पाठ्यक्रम में कुछ चयनित विषयों के मौजूदा पाठ को संशोधित करके पेश किया गया था। प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विश्वविद्यालयों/ राज्य बोर्डों/ तकनीकी बोर्डों की सक्रिय भागीदारी की मांग की गई। 6वीं से 10वीं मानकों के एनसीईआरटी पुस्तकों के स्कूल पाठ्यक्रम में ऊर्जा क्षमता पर मॉड्यूल का समावेश ब्यूरो द्वारा केंद्रीय स्तर पर किया जा रहा है।

गतिविधि –2: आईटीआई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग कॉलेज (पॉलिटेक्निक) और इंजीनियरिंग कॉलेज स्तर, में ऊर्जा दक्षता और संरक्षण पर बहस।

छात्र सबसे बड़ा आगामी समूह हैं और ऊर्जा दक्षता कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी बहुत ही बढ़िया होगी। महाविद्यालय के स्तर पर बहस छात्रों की भागीदारी के कुछ तरीके होंगे। बहस प्रतियोगिताएं तीन स्तरों पर अर्थात् आईटीआई स्तर, डिप्लोमा इंजीनियरिंग कॉलेज स्तर और इंजीनियरिंग कॉलेज स्तर पर आयोजित होने का प्रस्ताव।

गतिविधि – 3: विद्यालयों में ऊर्जा क्लबों की स्थापना/सुदृढ़ीकरण

इको/ एनर्जी क्लब पहले से ही कुछ स्कूलों में चल रहे हैं। यह सफलता मॉडल पूरे देश में अपनाया जाना चाहिए। स्कूल के छात्रों को आकर्षित करने और विद्यालय के शिक्षकों को ऊर्जा दक्षता और संरक्षण में प्रेरित करने के लिए, राज्य द्वारा नामित एजेंसियां (एसडीए) के माध्यम से विद्यमान और नव स्थापित पर्यावरण/ ऊर्जा क्लबों को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। 121 जिलों को कवर करने वाले 19 राज्यों के स्कूलों में 900 से अधिक ऊर्जा क्लब शुरू किए गए।

गतिविधि – 4: ऊर्जा संरक्षण पर टिप शीट/ ब्रोशर का विकास

उपयोगिता के कुशल संचालन पर ज्ञान बुनियादी मूल सिद्धांतों और पंप, बॉयलर, हीटर, चिल्लर, प्रशंसकों और अन्य उपयोगिताओं जैसे उपयोगिताओं के कुशल उपयोग पर सर्वोत्तम प्रथाओं पर जानकारी प्रदान करके आईटीआई और डिप्लोमा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों को घरेलू/ स्थानीय भाषाओं में टिप शीट के माध्यम से प्रसारित किया गया था। टिप शीट्स को ऊर्जा प्रबंधन केंद्र, केरल से संस्थानों, कॉलेजों आदि के वितरण के लिए विकसित किया गया था।

1.6 राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार एवं चित्रकला प्रतियोगिता

1.6.1 राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार

ऊर्जा बचत संरक्षण पुरस्कार योजना वर्ष 1991 में आरम्भ की गई थी। यह उद्योगों, परिवहनों, संस्थानों, भवनों और उपस्करों द्वारा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में नवोन्मेशी प्रयासों और उपलब्धियों को मान्यता देता है और बचत के प्रति जागरूकता पैदा करता है कि ऊर्जा की बचत करके ऊर्जा संरक्षण द्वारा ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के भारत के प्रयासों में बहुत अधिक योगदान देता है।

इस पुरस्कार द्वारा ऊर्जा बचत और पर्यावरण की दिशा में गंभीरता पूर्वक प्रयास करने वाली इकाइयों को प्रोत्साहन दिया जाता है। 1999 से 2016 तक पिछले 18 वर्षों की पुरस्कार अवधि के दौरान प्रतिभागी इकाइयों ने सामूहिक रूप से 35317 करोड़ रुपए की बचत की है और ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं में किए गए निवेश की राशि 18 महीनों में वसूल हो गई। ऊर्जा के हिसाब से, भागीदार इकाइयों के ऊर्जा संरक्षण प्रयासों से 41358 मिलियन किलोवाट की बिजली पावर, 49.74 लाख किलो लीटर तेल, 225. 06 लाख मीट्रिक टन कोयले और 249975 लाख क्यूबिक मीटर गैस की बचत हुई है।

वर्ष 2016 में पुरस्कार, **3 इकाईयों को सर्वोत्तम रेंक का पुरस्कार दिया गया, 43 इकाइयों को प्रथम पुरस्कार, 48 इकाइयों को द्वितीय पुरस्कार और 62 इकाइयों को योग्यता प्रमाणप्रत्र प्रदान किए गए।**

पिछले वर्ष प्रतिभागी इकाइयों ने मिलकर ऊर्जा संरक्षण उपायों केलिए 5112 करोड़ रुपए का निवेश किया जिससे 4867 करोड़ रुपए की आर्थिक बचत हुई और निवेश राशि केवल 13 महीनों में ही वापस मिल गई। इससे यह सिद्ध हुआ कि ऊर्जा संरक्षण ही सबसे कम लागत का विकल्प है। प्रतिभागी इकाइयों ने 7378 मिलियन किलोवाट आवर बिजली ऊर्जा भी बचाई, जो 0.62 की पीएलएफ पर 1352 मेगावाट के थर्मल पावर स्टेशन से पैदा होने वाली ऊर्जा के बराबर है। दूसरे शब्दों में, इन प्रतिभागी इकाइयों ने 2015–16 में 1352 मेगावाट थर्मल पावर स्टेशन के बराबर पावर सृजन क्षमता की स्थापना में होने वाले खर्च को बचाया है, जो अन्यथा विद्युत मांग को पूरा करने के लिए अन्यथा अपेक्षित हो जाती।

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार विजेता–2016

एल्युमीनियम

प्रथम पुरस्कार	:	महान एल्युमीनियम, जिला सिंगरौली, (मध्य प्रदेश)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	वेदांता लिमिटेड, लांजीगढ़, (ओडिशा)

ऑटोमोबाइल विनिर्माण

प्रथम पुरस्कार	:	टाटा मोटर्स लि., धारवाड (कर्नाटक)
द्वितीय पुरस्कार	:	टाटा मोटर्स लि., सीवीबीयू लखनऊ (उ.प्र.)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	1. बजाज आटो लि., चकन प्लांट, पुणे (महाराष्ट्र) 2. गैबरिल इंडिया लि., गुड़गांव (हरियाणा)

सीमेंट

प्रथम पुरस्कार	:	जेएसडब्ल्यु सीमेंट लि. कुरनूल (आंध्र प्रदेश)
द्वितीय पुरस्कार	:	पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लि. गणेशापहाड़, वाडपैली (तेलगांना)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	ओसीएल इंडिया लि., बंगाल सीमेंट वर्क्स, जिला पश्चिम मिदनापुर, (पश्चिम बंगाल)

सीमेंट
(ग्राइडिंग एण्ड सलैग)

योग्यता प्रमाणपत्र	:	डालमिया सीमेंट ईस्ट लि., बोकारो, (झारखण्ड)

सिरेमिक्स

योग्यता प्रमाणपत्र	:	ओरिएन्ट बैल लि., सिकन्दराबाद (उत्तर प्रदेश)

कैमिकल्स

प्रथम पुरस्कार	:	यूपीएल लि.–यूनिट न. 02, अंकलेश्वर, जिला भडूच (गुजरात)
द्वितीय पुरस्कार	:	आईओएल कैमिकल्स और फार्मास्युटिकल्स लि., बरनाला, (पंजाब)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	यूपीएल लि.–यूनिट न.1, अंकलेश्वर, जिला भडूच (गुजरात)

क्लोर–अल्कली

प्रथम पुरस्कार	:	कैमफेब अल्कलीज लि., कालापेट (पुडुचेरी)
द्वितीय पुरस्कार	:	सिएल कैमिकल कॉम्प्लैक्स, राजपुरा, जिला पटियाला, (पंजाब)

उपभोक्ता वस्तु विनिर्माण

प्रथम पुरस्कार	:	सेमसंग इंडिया इलैक्ट्रॉनिक प्राइवेट लि., नोएडा (उत्तर प्रदेश)

सीपीडब्ल्यूडी भवन

प्रथम पुरस्कार	:	शास्त्री भवन, राजेन्द्र प्रसाद लेन, (नई दिल्ली)
द्वितीय पुरस्कार	:	श्रम शक्ति भवन / ट्रांसपोर्ट भवन, (नई दिल्ली)

डेयरी

प्रथम पुरस्कार	:	हेरिटेज फूड्स लि., हैदराबाद (तेलगांना)
द्वितीय पुरस्कार	:	मदर डेयरी फ्रूट एण्ड वेजिटेबल प्रा. लि., पटपड़गंज (दिल्ली)

ड्रग्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स

प्रथम पुरस्कार	:	आईपीसीए लेबोरेट्रीज लि., रतलाम (मध्य प्रदेश)
द्वितीय पुरस्कार	:	केडिला हेल्थकेयर लि., बद्दी, जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश)

बिजली वितरण कम्पनियां (डिस्कॉम्स)

प्रथम पुरस्कार	:	इस्टर्न पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी ऑफ ए.पी लि., विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)
द्वितीय पुरस्कार	:	बंगलौर इलैक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लि. (बीईएससीओएम), बंगलौर, (कर्नाटक)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	1. हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड लि., शिमला (हिमाचल प्रदेश) 2. टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लि. (दिल्ली)

उर्वरक
(यूरिया)

प्रथम पुरस्कार	:	नेशनल फर्टिलाइजर्स लि., पानीपत यूनिट (हरियाणा)
द्वितीय पुरस्कार	:	इंडो गोल्फ फर्टिलाइजर्स (आदित्य बिरला नूवो लि. की एक इकाई), अमेठी (उत्तर प्रदेश)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	राष्ट्रीय कैमिकल्स और फर्टिलाइजर्स लि., ट्रॉम्बे यूनिट, चैम्बूर, मुम्बई (महाराष्ट्र)

उर्वरक
(फॉस्फेट)

द्वितीय पुरस्कार	:	इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर्स को–ऑपरेटिव लि. (इफको), फूलपुर यूनिट– I (उत्तर प्रदेश)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	फेक्ट उद्योगमंडल कॉम्पलेक्स, एर्नाकुलम (केरल)

खाद्य प्रसंस्करण

द्वितीय पुरस्कार	:	यूनिलीवर इंडिया एक्सपोर्ट्स लिमिटेड–पुणे चाय निर्यात, पुणे (महाराष्ट्र)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	ग्लैक्सो स्मिथक्लाइन कन्ज्युमर हेल्थकेयर लि., जिला सोनीपत (हरियाणा)

फाउंड्री

योग्यता प्रमाणपत्र : 1. घटगे पाटिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कोल्हापुर, (महाराष्ट्र)
2. श्रीनिवास इंजीनियरिंग ऑटो कम्पोनेन्ट्स प्राइवेट लि., जिला पुणे (महाराष्ट्र)

सामान्य श्रेणी

प्रथम पुरस्कार : झारखंड बिजली वितरण निगम लि. (जेबीवीएनएल), रांची (झारखंड)

द्वितीय पुरस्कार : जयपुर विद्युत निगम लि. (जेवीवीएनएल), जयपुर (राजस्थान)

योग्यता प्रमाणपत्र : 1. सेटलिंग पम्प हाउस, मध्य रेलवे, वाडी (कर्नाटक)
2. एल एण्ड टी एमएचपीएस टर्बाइन जेनरेटर्स प्रा. लि., हजीरा, सूरत (गुजरात)

सामान्य श्रेणी
(पुरस्कार के उपक्षेत्र)

प्रथम पुरस्कार : स्थानीय निकाय महानिदेशालय, स्थानीय स्व–सरकार विभाग, राजस्थान सरकार, (जयपुर)

योग्यता प्रमाणपत्र : 1. हिन्दुस्तान यूनिलीवर लि., सुमेरपुर इकाई, हमीरपुर (उत्तर प्रदेश)
2. रुचि सोया इंडस्ट्रीज लि., हल्दिया (पश्चिम बंगाल)

अस्तपाल
(खपत 10 लाख किलोवाट आवर/वर्ष से अधिक)

प्रथम पुरस्कार : संत परमानंद अस्पताल, सिविल लाईन (नई दिल्ली)

योग्यता प्रमाणपत्र : 1. सेन्ट्रल अस्पताल, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद (उ0प्र0)
2. फोर्टिस अस्पताल लि., नोएडा (उ0प्र0)

अस्तपाल
(खपत 10 लाख किलोवाट आवर/वर्ष से कम)

प्रथम पुरस्कार : डिविजनल रेलवे अस्पताल, नार्थ इस्टर्न रेलवे, इजतनगर, बरेली (उत्तर प्रदेश)

द्वितीय पुरस्कार : इन्टेग्रल कोच फैक्ट्री हॉस्पिटल, चैन्नई (तमिलनाडु)

योग्यता प्रमाणपत्र : 1. डॉ. कोटनिस मेमोरियल रेलवे हॉस्पिटल, मध्य रेलवे, सोलापुर (महाराष्ट्र)
2. डिवीजनल रेलवे हॉस्पिटल, दक्षिण मध्य रेलवे, नांदेड, (महाराष्ट्र)

होटल
(5 स्टार और अधिक)

प्रथम पुरस्कार	:	ताज प्लेस (नई दिल्ली)
द्वितीय पुरस्कार	:	दि लीला पैलेस, बंगलुरू (कर्नाटक)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	जय महल पैलेस, जयपुर (राजस्थान)

इंटरग्रेडिट स्टील प्लांट

प्रथम पुरस्कार	:	टाटा स्टील लि., जमशेदपुर (झारखण्ड)
द्वितीय पुरस्कार	:	जेएसडब्ल्यू स्टील लि., बेल्लारी (कर्नाटक)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	जिन्दल स्टील एण्ड पावर लि., रायगढ़ (छतीसगढ़)

मेट्रो स्टेशन

प्रथम पुरस्कार	:	दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन (दिल्ली)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	कश्मीरी गेट (मेट्रो कोरिडोर), मेट्रो स्टेशन (दिल्ली)

खनन

द्वितीय पुरस्कार	:	हिन्दुस्तान जिंक लि.–रामपुरा अगुचा माइन्स, स्ट्रीम 3, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	1. सिंडसर खुर्द माइन, हिन्दुस्तान जिंग लि. (वेदांता लि.), जिला राजसमन्द (राजस्थान) 2. माइन I, एनएलसी इंडिया लि., नेवली (तमिलनाडु)

कार्यालय भवन
(खपत 10 लाख किलोवाट प्रति घंटा/प्रतिवर्ष से अधिक)

प्रथम पुरस्कार	:	यात्री आरक्षण सिस्टम (पीआरएस/एससी), सिंकदराबाद (तेलगांना)
द्वितीय पुरस्कार	:	मेन टेलीफोन एक्सचेंज बिल्डिंग (बीएसएनएल), पानीपत (हरियाणा)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	1. आईसीआईसीआई बैंक लि., एनबीसीसी टावर, प्रगति विहार (नई दिल्ली) 2. मोर मार्केट कॉम्पलेक्स, दक्षिण रेलवे, चैन्नई (तमिलनाडु)

कार्यालय भवन
(10 लाख किलोवाट प्रति घंटा/प्रतिवर्ष से कम की खपत)

प्रथम पुरस्कार	:	मंडल रेलवे प्रबंधक कार्यालय,उत्तर रेलवे, फिरोजपुर (पंजाब)
द्वितीय पुरस्कार	:	लेखा भवन, दक्षिण मध्य रेलवे, सिंकदराबाद (तेलगांना)

योग्यता प्रमाणपत्र	:	1. आईसीआईसीआई बैंक लि., शोभा पर्ल, बंगलौर (कर्नाटक) 2. आईसीआईसीआई बैंक लि., सेक्टर–16 नोएडा (उत्तर प्रदेश) 3. आईसीआईसीआई बैंक लि., हेरिटेज चैम्बर्स,, अहमदाबाद (गुजरात)

बीपीओ भवन

प्रथम पुरस्कार	:	डब्ल्यूएनएस ग्लोबल सर्विस प्रा.लि., श्रीनिकेतन, नासिक (महाराष्ट्र)
द्वितीय पुरस्कार	:	डब्ल्यूएनएस ग्लोबल सर्विस प्रा.लि., वी–टैक पार्क, नासिक (महाराष्ट्र)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	डब्ल्यूएनएस ग्लोबल सर्विसिस प्रा.लि., प्लॉट 8ए, वाइटफील्ड बंगलौर (कर्नाटक)

आयुध फैक्ट्री

प्रथम पुरस्कार	:	आर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्ट्री, फूलबाग, कानपुर (उत्तर प्रदेश)
द्वितीय पुरस्कार	:	1. आर्डिनेंस फैक्ट्री (देहरादून) 2. मशीन टूल प्रोटोटाइप फैक्ट्री, अंबरनाथ (वेस्ट), जिला थाणे (महाराष्ट्र)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	1. आर्डिनेंस फैक्ट्री दम दम, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) 2. इंजन फैक्ट्री अवाडी, चैन्नई (तमिलनाडु) 3. हाई एक्सपॉलिजिव्स फैक्ट्री, खडकी, पुणे (महाराष्ट्र)

रंग रोगन और सम्बद्ध उत्पाद

प्रथम पुरस्कार	:	बीपी कोटिंग्स प्राइवेट लि., विट्ठल उद्योग नगर, (गुजरात)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	कंसाई नेरोलेक पेंट्स लि., लोटे फैक्ट्री, रत्नगिरि (महाराष्ट्र)

कागज और लुगदी

प्रथम पुरस्कार	:	बिल्ट ग्राफिक पेपर प्रॉडक्ट्स लि., (यूनिट बल्लारपुर), जिला चन्द्रपुर (महाराष्ट्र)
द्वितीय पुरस्कार	:	जेके पेपर लि., यूनिटः जेकेपीएम, रायगढ़ (उड़ीसा)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	शेषयाायी पेपर एण्ड बोड्स लि.–इरोड (तमिलनाडू)

पैट्रोकैमिकल्स

प्रथम पुरस्कार	:	रिलायंस इण्डस्ट्रीज लि., वडोदरा मैन्युफैक्चरिंग डिवीजन, वडोदरा (गुजरात)
द्वितीय पुरस्कार	:	रिलायंस इण्डस्ट्रीज लि., नागोथाने मैन्युफैक्चरिंग डिवीजन, जिला रायगढ़ (महाराष्ट्र)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	रिलायंस इण्डस्ट्रीज लि., दाहेज मैन्युफैक्चरिंग डिवीजन, जिला भरूच (गुजरात)

पैट्रोलियम पाइपलाइन

योग्यता प्रमाणपत्र : इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि.,
सदर्न रीजन पाइपलाइन्स, चित्तूर (आन्ध्र प्रदेश)

प्लास्टिक्स

प्रथम पुरस्कार : नीलकमल लि., नासिक (महाराष्ट्र)

रेलवे स्टेशन

प्रथम पुरस्कार :
1. फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन, फिरोजपुर डिविजन, उत्तर रेलवे (पंजाब)
2. द्वारका रेलवे स्टेशन, राजकोट डिविजन, पश्चिमरेलवे, राजकोट (गुजरात)

द्वितीय पुरस्कार :
1. पठानकोट कैंट रेलवे स्टेशन, फिरोजपुर डिविजन, उत्तर रेलवे (पंजाब)
2. सुरेन्द्र नगर रेलवे स्टेशन, राजकोट डिविजन, पश्चिम रेलवे, राजकोट (गुजरात)

योग्यता प्रमाणपत्र :
1. लुधियाना रेलवे स्टेशन, फिरोजपुर डिविजन, उत्तर रेलवे (पंजाब)
2. जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन, फिरोजपुर डिविजन, उत्तर रेलवे (पंजाब)
3. पाकाला रेलवे स्टेशन, गुन्टकल डिविजन, दक्षिण मध्य रेलवे (आन्ध्र प्रदेश)
4. काठगोदाम रेलवे स्टेशन, उत्तर पूर्व रेलवे, इजत नगर (उत्तर प्रदेश)

रेलवे वर्कशॉप्स

प्रथम पुरस्कार : इलैक्ट्रिकल लोको शैड, काजीपेट, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकन्दराबाद (तेलंगाना)

द्वितीय पुरस्कार : ट्रेक्शन मशीन वर्कशॉप, मध्य रेलवे, नासिक रोड (महाराष्ट्र)

योग्यता प्रमाणपत्र : डीजल लोको शैड, दक्षिण मध्य रेलवे, विजयवाड़ा (आन्ध्र प्रदेश)

रिफाइनरी

प्रथम पुरस्कार : एचपीसीएल– मित्तल एनर्जी लि., (एचएमईएल), भटिंडा (पंजाब)

द्वितीय पुरस्कार : हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लि., मुम्बई रिफाइनरी (महाराष्ट्र)

शॉपिंग मॉल

प्रथम पुरस्कार : शॉपर्स स्टॉप लि, कल्याण (महाराष्ट्र)

द्वितीय पुरस्कार :
1. शॉपर्स स्टॉप लि, भोपाल (मध्य प्रदेश)
2. शॉपर्स स्टॉप लि, श्यामला, चैन्नई (तमिलनाडू)

योग्यता प्रमाणपत्र : शॉपर्स स्टॉप लि, गरुदा मॉल, बंगलौर (कर्नाटक)

स्पॉन्ज आयरन

प्रथम पुरस्कार : एमएसपी स्टील एण्ड पावर लि., जिला रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

द्वितीय पुरस्कार : श्याम सेन्चुरी एण्ड फेरस लि., आरएल भोई जिला (मेघालय)

राज्य अभिहित एजेंसियां

प्रथम पुरस्कार : महाराष्ट्र एनर्जी डिवेलपमेंट एजेंसी (मेडा), पुणे (महाराष्ट्र)

द्वितीय पुरस्कार : आन्ध्र प्रदेश राज्य ऊर्जा संरक्षण मिशन (एपीएसईसीएम), हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)

योग्यता प्रमाणपत्र : एनर्जी मेनेजमेंट सेन्टर, तिरुअनन्तपुरम् (केरल)

स्टील –रि रोलिंग मिल्स

द्वितीय पुरस्कार :
1. जेएसडब्ल्यु स्टील कोटिड प्रॉडक्टस लि., कलमेश्वर (महाराष्ट्र)
2. शूषण स्टील लि., जिला रायगढ़ (महाराष्ट्र)

योग्यता प्रमाणपत्र : जेएसडब्ल्यु स्टील कोटिड प्रॉडक्टस लि., तारापुर, (महाराष्ट्र)

चीनी

द्वितीय पुरस्कार :
1. डालमिया चीनी मिल्स यूनिट निगोही, जिला शाहजहांपुर, (उत्तर प्रदेश)

वस्त्र

उच्चतम रैंक : अरविन्द लि., कटराज, जिला गांधी नगर, (गुजरात)

द्वितीय पुरस्कार : ट्राइडेंट लि. (होम टेक्सटाइल डिविजन), बुधनी (मध्य प्रदेश)

योग्यता प्रमाणपत्र : रेमण्ड यूको डेनिम प्राइवेट लि., यवतमाल (महाराष्ट्र)

थर्मल पावर स्टेशन
(कोयला व गैस फायर्ड प्लांट्स – 100 मेगावाट क्षमता से कम)

प्रथम पुरस्कार : कैप्टिव पावर प्लांट, इलैक्ट्रोथर्म (इण्डिया) लि.,कच्छ (गुजरात)

द्वितीय पुरस्कार : पुडुचेरी पावर कारपोरेशन लि., (पुडुचेरी)

थर्मल पावर स्टेशन
(कोयला व गैस फायर्ड प्लांट्स < 100 मेगावाट क्षमता से अधिक)

प्रथम पुरस्कार : नाभा पावर लि., राजपुरा, जिला पटियाला (पंजाब)

द्वितीय पुरस्कार : बज बज जेनेरेटिंग स्टेशन (पश्चिम बंगाल)

योग्यता प्रमाणपत्र : नव भारत वेंचर्स लि., जिला खम्मच (तेलंगाना)

थर्मल पावर स्टेशन
(गैस फायर्ड प्लांट्स > 100 मेगावाट क्षमता से अधिक)

प्रथम पुरस्कार : गुजरात इण्डस्ट्रीज पावर कम्पनी लि., (बड़ौदा ऑपरेशन), वडोदरा (गुजरात)

द्वितीय पुरस्कार : प्रगति पावर स्टेशन, प्रगति पावर कारपोरेशन लि., नई दिल्ली

टायर

प्रथम पुरस्कार	:	बालकृष्ण इण्डस्ट्रीज लि., भुज (गुजरात)
द्वितीय पुरस्कार	:	जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लि., विक्रान्त टायर प्लांट, मैसूर (कर्नाटक)

विश्वविद्यालय एवं इंजीनियरिंग संस्था भवन

प्रथम पुरस्कार	:	कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग बिल्डिंग, केएल विश्वविद्यालय, जिला गुटूर (आन्ध्र प्रदेश)
द्वितीय पुरस्कार	:	इण्डियन रेलवे इंस्टिट्यूट ऑफ सिग्नल इंजीनियरिंग एण्ड टेलिकम्युनिकेशन्स (आईआरआईएसईटी), सिकन्दराबाद (तेलंगाना)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	1. इलैक्ट्रिक ट्रेक्शन ट्रेनिंग सेन्टर, दक्षिण मध्य रेलवे, विजयवाड़ा (आन्ध्र प्रदेश) 2. गीता विद्या मन्दिर गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत (हरियाणा)

जोनल रेलवे

प्रथम पुरस्कार	:	दक्षिण मध्य रेलवे, रेल निलायम, सिकन्दराबाद (तेलंगाना)
द्वितीय पुरस्कार	:	दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, महाप्रबन्धक का कार्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	1. मध्य रेलवे, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, मुम्बई (महाराष्ट्र) 2. दक्षिण रेलवे, चैन्नई (तमिलनाडु)

बीईई स्टार लेबल वाले उपकरणों का उत्पादन (एयर कंडिशनर)

प्रथम पुरस्कार	:	वीडियोकॉन इण्डस्ट्रीज लि., गुड़गांव (हरियाणा)
द्वितीय पुरस्कार	:	गोदरेज एण्ड बॉएज मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी लि., एपलायंसिस डिविजन, विखरौली, मुम्बई (महाराष्ट्र)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	हिताची होम एण्ड लाइफ सोल्यूशन्स (इण्डिया) लि., जिला मेहसाना (गुजरात)

बीईई स्टार लेबल वाले उपकरणों का उत्पादन (कृषि पम्प सैट)

उच्चतम रैंक	:	एक्वा सब–इंजीनियरिंग कोयम्बटूर (तमिलनाडु)
योग्यता प्रमाणपत्र	:	1. सीआरआई पम्पस प्रा0 लि., कोयम्बटूर (तमिलनाडु) 2. टैक्समो इण्डस्ट्रीज कोयम्बटूर (तमिलनाडु)

बीईई स्टार लेबल वाले उपकरणों का उत्पादन (छत के पंखे)

उच्चतम रैंक	:	क्रॉम्पटन ग्रीव्स कन्ज्यूमर इलैक्ट्रिकल्स लि., पोण्डा (गोवा)
द्वितीय पुरस्कार	:	1. ऊषा इन्टरनेशनल लि., गुड़गांव, हरियाणा 2. हैवल्स इण्डिया लि., हरिद्वार (उत्तराखंड)

बीईई स्टार लेबल वाले उपकरणों का उत्पादन (रेफ्रिजरेटर)

प्रथम पुरस्कार : 1. बीएसएच हाऊसहोल्ड एपलायंसिज मैन्युफैक्चिरिंग प्रा. लि., जिला कांचीपुरम् (तमिलनाडु)
2. वर्लपूल ऑफ इण्डिया लि., पुणे (महाराष्ट्र)

द्वितीय पुरस्कार : एलजी इलैक्ट्रॉनिक्स इण्डिया प्रा0 लि., ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश)

बीईई स्टार लेबल वाले उपकरणों का उत्पादन (पानी स्टोर करने वाटर हीटर)

प्रथम पुरस्कार : बजाज इलैक्ट्रिकल्स लि., मुम्बई (महाराष्ट्र)

द्वितीय पुरस्कार : रेकॉल्ड थर्मो प्राइवेट लि., चाकेन, पुणे (महाराष्ट्र)

योग्यता प्रमाणपत्र : ए.ओ. स्मिथ इण्डिया वाटर प्रॉडक्ट्स प्रा. लि., बंगलौर (कर्नाटक)

बीईई स्टार लेबल वाले उपकरणों का उत्पादन (ट्यूबलर फ्लोरोसेंट लैम्प)

द्वितीय पुरस्कार : 1. क्रॉम्पटन ग्रीव्स कन्ज्यूमर इलैक्ट्रिकल्स लि., लाइटिंग डिविजन, जिला बड़ौदा (गुजरात)
2. ऑरिएन्ट इलैक्ट्रिक फरीदाबाद (हरियाणा)

वित्तीय संस्थान

योग्यता प्रमाणपत्र : भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), लखनऊ (उत्तर प्रदेश)

सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा लेखापरीक्षक

योग्यता प्रमाणपत्र : 1. डॉ. पी.पी. मित्तल, फरीदाबाद (हरियाणा)
2. आर. राजमोहन (नई दिल्ली)

सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा लेखापरीक्षा एजेंसियां

योग्यता प्रमाणपत्र : मिटकॉन कन्सल्टेंसी एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसिज लि., पुणे (महाराष्ट्र)

1.6.2 स्कूली बच्चों के लिए ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता

मासूम बच्चों ने स्वच्छ, हरित और ऊर्जा सक्षम भविष्य के लिए कल्पना के संसार का चित्रण किया। बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण पर उपयोगी विचार भी दिए। स्कूल जाने वाले बच्चे न केवल अपने अभिभावकों, भाइयों और बहनों को अपने साथ लेकर अपितु शिक्षकों, पड़ोसियों इत्यादि अन्य जैसे अन्य लोगों को भी शामिल करते हुए समाज में अपेक्षित बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस दृष्टिकोण से, स्कूली बच्चों को घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण के साथ ऊर्जा दक्षता के प्रति संवेदनशील बनाते हुए,विद्युत मंत्रालय (एमओपी), भारत सरकार (जीओआई) श्रेणी **'क'** के अंतर्गत चौथी, पांचवी व छठी कक्षा के लिए तथा श्रेणी **'ख'** के अंतर्गत सातवीं, आठवी ं आरै नवीं कक्षा के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करके समग्र भारत में राष्ट्रीय जागरूकता अभियान चलाता है।

तीन चरणों में अर्थात् स्कूल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 95,000 रुपए के नकद पुरस्कार प्रति राज्य/प्रति संघ शासित क्षेत्र श्रेणी (36 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के लिए 34.20 लाख रुपये प्रतिश्रेणी अथवा दोनों श्रेणियों के लिए 68.40 लाख रुपये) राज्य स्तर के विजेताओं में वितरित किए गए। 14 दिसम्बर, 2016 को राष्ट्रीय प्रतियोगिता की दोनों श्रेणियों के विजेताओं को 10.35 लाख रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। वर्ष 2016 के दौरान इस प्रतियोगिता में 1.14 करोड़ से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

वर्ष 2016 में इस स्कीम की उपलब्धियां निम्नानुसार रहीं :

- ऊर्जा संरक्षण 2016 पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता को शानदार सफलता मिली।
- देशभर से 1,50,000 से कुछ अधिक स्कूलों के 1.14 करोड़ छात्रों ने इसमें भाग लिया। यह प्रतिभागिता गतवर्ष की तुलना में 75 प्रतिशत अधिक रही।
- माननीय विद्युत, कोयला और नवीन एवं नवीनीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री पीयूष गोयल ने लि मेरिडियन में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय स्तर के 19 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए।

1.7 शासी परिषद् की संरचना

1.	माननीय विद्युत कोयला एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली	पदेन अध्यक्ष
2.	सचिव विद्युत मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली	पदेन अध्यक्ष
3.	सचिव पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली	पदेन अध्यक्ष
4.	सचिव कोयला विभाग, कोयला एवं खनन मंत्रालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली	पदेन अध्यक्ष
5.	सचिव नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय सीजीओ कॉम्प्लैक्स लोधी रोड, नई दिल्ली	पदेन सदस्य
6.	सचिव परमाणु ऊर्जा विभाग कमरा सं. 145.बी, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली	पदेन सदस्य
7.	सचिव उपभोक्ता मामले विभाग कृषि भवन, नई दिल्ली	पदेन सदस्य
8.	अध्यक्ष केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण सेवा भवन, आर.के. पुरम् नई दिल्ली	पदेन सदस्य
9.	महानिदेशक केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान प्रो. सर सी.वी. रमन रोड, पी.बी. सं. 8066, बंगलौर –560080	पदेन सदस्य

10.	कार्यकारी निदेशक पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ, संरक्षण भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110 066	पदेन सदस्य
11.	अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक केन्द्रीय खनन योजना एवं अभिकल्पन संस्थान कणके रोड, रांची–834 008	पदेन सदस्य
12.	महानिदेशक भारतीय मानक ब्यूरो, मानक भवन बी.एस. ज़फर मार्ग, नई दिल्ली –110 002	पदेन सदस्य
13.	महानिदेशक राष्ट्रीय परीक्षणशाला उपभोक्ता मामले विभाग 11/1, जज़िस कोर्ट रोड, अलीपुर, कोलकाता–700 027	पदेन सदस्य
14.	प्रबन्ध निदेशक भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण लिमिटेड इंडिया हैबीटेट सेंटर लोधी रोड, नई दिल्ली–110 003	
15.	सदस्य सचिव पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विद्युत समिति लिमिटेड एमएसएचएफसी सोसाइटी नोंग्रिम हिल्स, शिलांग–793003	सचिव सदस्य
16.	सदस्य सचिव पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत समिति 14, गोल्फ क्लब रोड, टॉली गंज, कोलकाता . 700033	सदस्य
17.	सदस्य सचिव उत्तरी क्षेत्रीय विद्युत समिति 18–ए, शहीद सिंध सनसनवाल मार्ग कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016	सदस्य
18.	सदस्य सचिव पश्चिमी क्षेत्रीय विद्युत समिति एफ–3, एमआईटीसी क्षेत्र अंधेरी ईस्ट, मुम्बई–400 093	सदस्य

19	सदस्य सचिव दक्षिणी क्षेत्रीय विद्युत समिति 29–रेज़ होर्स, क्रॉस रोड बंगलौर–09	सदस्य
20.	सचिव पर्यावरण एवं वन मंत्रालय पर्यावरण भवन सीजीओ कॉम्प्लैक्स, लोधी रोड नई दिल्ली–110003	सदस्य
21.	सचिव शहरी विकास मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली	सदस्य
22.	महानिदेशक सचिव ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम् नई दिल्ली–110 066	पदेन सदस्य

2

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

2.1 अंतर्राष्ट्रीय द्विपक्षीय कार्यक्रम
2.2 बहुपक्षीय कार्यक्रम – जारी कार्यक्रम

2.1 अंतर्राष्ट्रीय द्विपक्षीय कार्यक्रम

2.1.1 इंडो.जर्मन ऊर्जा कार्यक्रम

क. इंडो जर्मन ऊर्जा फोरम (आईजीईएफ)

इंडो–जर्मन एनर्जी फोरम (आईजीईएफ) की स्थापना अप्रैल, 2006 में फेडरल रिपब्लिक ऑफ जर्मनी की सरकार और भारत सरकार के बीच ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश एवं आपसी सहयोग से अनुसंधान और विकास कार्य करने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र को भाामिल करते हुए वार्ता तथा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए के इंडो–जर्मन सहयोग को और गहन करने के लिए की गई थी। यद्यपि आईजीईएफ भारत और जर्मनी की उच्च स्तरीय नीतिगत वार्ता है, तथापि आईजीईएफ स्पोर्ट ऑफिस को इंडो–जर्मन ऊर्जा कार्यक्रम (आईजीईएन) की संरचना में शामिल किया गया है।

जर्मनी के साथ यह द्विपक्षीय कार्यक्रम भारत के लिए अति महत्वपूर्ण और लाभप्रद संबंधों में से है। इसमें विषयों की एक व्यापक श्रेणियां शामिल हैं, जैसे उद्योग, भवनों, केएफडब्ल्यू ऋण श्रृंखला की मार्फत ऊर्जा दक्षता, तापीय ऊर्जा संयंत्रों की दक्षता में सुधार से तीन गुणा उत्पादन,नवीकरणीय ऊर्जा आदि।

इंडो–जर्मन इनर्जी फोरम के अंतर्गत, 3 उपसमूह हैं। उपसमूह 1 में, जीवा मई धन आधारित विद्युत संयंत्रों में दक्षता उन्नयन, उपसमूह 2 में नवीकरणीय ऊर्जा और उपसमूह 3 में मांगपक्ष ऊर्जा दक्षता तथानिम्न कार्बन वृद्धि रणनीतियां हैं। उपसमूह 3 में, भारतीय विद्युत मंत्रालय (एमओपी) और जर्मन फेडरल मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिकअफेयर्स एंड इनर्जी (बीएमडब्ल्यूआई) और फेडरल मिनिस्ट्री फॉर दि इनवायरनमेंट, नेचर कंजर्वेशन, भवन और न्यूकलीय सुरक्षा(बीएमयूबी) मिलकर कार्य कर रहे हैं, ताकि वे अपने अपने अपने देशों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने के लिए एक सकारात्मक वातावरण बनाया जा सके। यह लक्ष्य दोनों देशों के सरकारी और निजी क्षेत्र के नीति–निर्णायकों के बीच एक रचनात्मक वार्ता को करके प्राप्त किया जाता है।

अभी तक आईजीईएफ की छः बैठकें हो चुकी हैं और इसकी आखिरी बैठक 27–30 सितम्बर, 2016 को बर्लिन में हुई थी, जिसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई थी। इंडोजर्मन इनर्जी फोरम (आईजीईएफ) के अन्तर्गत ऊर्जा दक्षता पर उपसमूह 3 की पिछली बैठक 15 सितम्बर, 2016 को टेलिकॉन्फ्रसिंग के माध्यम से हुई थी। संयुक्त सचिव (स्वतन्त्र प्रभार), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार की उपस्थिति में भारत की ओर से इसकी अध्यक्षता आर्थिक सलाहकार, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई थी, जबकि जर्मनी की ओर से इसकी अध्यक्षता प्रभाग के उपाध्यक्ष, जनरल इशुज ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी फेडरल मिनिस्ट्री फॉर इकॉनोमिक्स एण्ड एनर्जी (बीएमडब्ल्युआई), जर्मनी सरकार द्वारा की गई थी। टेलिकॉन्फ्रसिंग में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), ऊर्जा दक्षता सेवाएं लिमिटेड (ईईएसएल), जर्मन एम्बेसी, केएफडब्ल्यु और जीआईजैड के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

उपसमूह 3 के माध्यम से किए गए पिछले क्रियाकलाप निम्नानुसार हैं:

- काफी समय से संयुक्त ऊर्जा व विद्युत सृजन के अवसरों पर विचार विमर्श होता रहा, परन्तु अब जीआईजैड के सहयोग से नई दिल्ली में जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेन्टर में एक डेमो ट्राइजेनेरेशन संयंत्र लगाया गया।
- आवासीय भवनों के क्षेत्र मे फ्रॉनहॉफर इंस्टिट्यूट और टेरी ने संयुक्त रूप से ऊर्जा कार्य निश्पादन निर्धारण उपकरण की स्थापना की है, जो भारत के आवासीय भवनों के क्षेत्र मे विभिन्न ऊर्जा दक्षता उपायों से संभावित ऊर्जा बचत का परिकलन करता है।
- विभिन्न क्षेत्रों मे ऊर्जा दक्षता के लिए अन्तर्राश्ट्रीय इन्टरनेट आधारित ज्ञान प्लेटफाम्र के विकास के लिए जर्मनी सरकार की ओर से बिगईई नामक एक प्रयास किया गया है जिसका अभिप्राय ''ऊर्जा दक्षता पर सूचना अन्तराल को भरना'' है।

15 सितम्बर, 2016 को आयोजित उपसमूह 3 की बैठक के दौरान उपसमूह 3 के माध्यम से किए जा रहे क्रियाकलापों की समीक्षा की गई।

- आज भारत में कूलिंग की बढ़ती हुई मांग पर विचार करते हुए 15 सितम्बर, 2016 को टेलिकॉन्फ्रसिंग के माध्यम से हुई

उपसमूह 3 की पिछली बैठक में भारत की कूलिंग मांग का निर्धारण करने के लिए एक अध्ययन करने की इच्छा व्यक्त की, जो जिले की कूलिंग संभावनाओं की व्यवहार्यता पर भी प्रकाश डालेगी, जिस पर भारत के प्रतिनिधि सहमत हो गए। इस सम्बन्ध में '2027 में भारत की कूलिंग मांग' पर अध्ययन भी किया गया, जो सम्भवतः 2017 में पूरा हो जाएगा।

निश्पादन, अधिप्राप्ति और व्यापार (पैट) योजना के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में बीईई को सहायता।

- जीआईजैड द्वारा आवासीय भवनों के लिए ऊर्जा संरक्षण भवन कोड के विकास में सहायता।
- 2016 में केएफडब्ल्यू में जर्मनी सरकार (फेडरल मिनिस्ट्री फॉर इकॉनोमिक्स कोऑपरेशन एण्ड डिवेलपमेंट, बीएमजैड) की ओर से ऊर्जा दक्ष निवेशों, जलवायु के अनुकूल कूलिंग प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने या हरित ईंधन का मार्ग अपनाने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम इकाइयों को सहायता देने के लिए 110 मिलियन अमरीकी डॉलर के लिए लघु उद्योग विकास बैंक लि0 (सिडबी) से एक ऋण करार निष्पादित किया है।
- जीआईजैड के माध्यम से वार्षिक राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता और राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार समारोह के आयोजन के लिए बीईई द्वारा सहायता।

ख. इंडो.जर्मन ऊर्जा कार्यक्रम (आईजीईएन)

ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में इंडो.जर्मन तकनीकी सहयोग कार्यक्रम वर्ष 1995 से चलाया जा रहा है, जब से इंडो.जर्मन ऊर्जा दक्षता परियोजना को, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के पूर्ववर्ती संगठन ऊर्जा प्रबन्धन केन्द्र द्वारा टाटा एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट बंगलौर के माध्यम से मई, 1995 में आरम्भ किया गया था। यह परियोजना सितम्बर, 2000 में पूरी कर ली गई थी। ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के लागू होने और 1 मार्च 2002 को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की स्थापना होने के साथ ऊर्जा संरक्षण अधिनियम की नीतियों और कार्यक्रमों को सहायता देने के उद्देश्य से "इंडो–जर्मन ऊर्जा कार्यक्रम (आईजीईएन) की परियोजना के अंतर्गत ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग दिया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के चरण-I के सफल कार्यान्वयन के बाद इस कार्यक्रम का चरण-II चार वर्षों तक की अवधि के लिए, अक्तूबर, 2013 से आरम्भ किया गया, जो सितम्बर, 2017 को समाप्त हो गया।

कार्यक्रम का चरण-III: पैट चक्र-II में, तीन नए क्षेत्रों रिफाइनरी, रेलवे और डिस्कॉम को शामिल किया गया। पैट चक्र-II के लिए एक इसी प्रकार की प्रक्रिया, इन क्षेत्रों में भी अपनाई जानी आवश्यक है जैसी पैट चक्र-I में अपनाई गई थी।

जीआईजेड ने निम्नलिखित क्रियाकलापों के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने पर भी विचार किया है :

i) प्रस्तावित क्षेत्रों के लिए क्षेत्र विशिष्ट प्रोफॉर्मा का विकास
ii) सामान्यीकरण कारकों का विकास जिन्हें बेसलाइन प्रोफॉर्मा में शामिल किया जा सकेगा;
iii) परामर्श बैठकों में सहायता;
iv) क्षेत्र विशेष बेसलाइन निर्धारण सुनिश्चित करने के लिए कार्य पद्धति का विकास;
v) लक्ष्य निर्धारण और लक्ष्यों को अन्तिम रूप देने के लिए कार्य पद्धति का विकास।

इसके अतिरिक्त, जीआईजेड़ अपने अगले चरण में पैट चक्र–II और पैट चक्र–III के लिए तकनीकी सहायता देना जारी रखेगा।

2.1.2 भारत–जापान ऊर्जा वार्ता

दिसम्बर, 2006 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी के जापान दौरे के परिणामस्वरूप, ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के लिए भारत जापान ऊर्जा वार्ता, जिसकी अध्यक्षता योजना आयोग के अध्यक्ष तथा माननीय मंत्री, आर्थिक व्यापार एवं उद्योग (एमईटीआई) मंत्रालय द्वारा शुरुआत की गई। भारत जापान की आठवीं ऊर्जा वार्ता 12 जनवरी, 2016 को हुई थी।

भारत–जापान ऊर्जा वार्ता के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता कार्यकारी समूह की अन्तिम बैठक ऊर्जा दक्षता ब्यूरो में 27 अगस्त, 2015 को आयोजित की गई, जिसमें जापान की ओर से मिनिस्ट्री ऑफ इकॉनॉमी, ट्रेड एंड इंडस्ट्री (एमईटीआई), दि इंस्टीट्यूट ऑफ

एनर्जी इकॉनोमिक्स, जापान (आईईईजे) तथा दि एनर्जी कंजर्वेशन सेंटर, जापान (ईसीसीजे) और भारत की ओर से बीईई, टेरी और पंडित दीनदयाल पैट्रोलियम वि ववियालय (पीडीपीयू) ने भाग लिया।

भारत–जापान ऊर्जा वार्ता के ढांचे के अंतर्गत निम्नलिखित क्रियाकलाप किए गए:

1. एनईडीओ निदर्शन परियोजनाएं

- आंध्र प्रदेश में सिंटर कूलर अपशिष्ट ऊर्ष्मा रिकवरी के लिए मॉडल परियोजना
- झारखंड में एक कोक शुष्क शमन प्रणाली (सीडीक्यू) द्वारा ऊर्जा के दक्ष उपयोग को बढ़ाने के लिए एक मॉडल परियोजना।
- आंध्र प्रदेश में सीमेंट संयंत्र की अपशिष्ट ऊष्मा रिकवरी प्रणाली के लिए एक मॉडल परियोजना।

2. संयुक्त अनुसंधान नीति

- इस्पात, सीमेंट, मशीनी उपकरण और इन्वर्टर–एयर कंडीशनर्स (आईइईजे–टेरी) पर बाजार सम्भावनाएं और प्रौद्योगिकी सर्वेक्षण
- ईंधन सब्सिडी आदि के उन्मूलन पर बाजार विश्लेषण और अनुरूपण (आईईईजे–पीडीपीयू)

3. बहुपक्षीय सहयोग

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता सहयोग भागीदारी (आईपीईईसी) ढांचे के अंतर्गत 25 फरवरी, 2015 को भारत में लघु औरमध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) में ऊर्जा दक्षता और अपशिष्ट ऊष्मा रिकवरी उपायों को बढ़ावा देने के लिए **"छठी प्रबन्धन कार्य नेटवर्क कार्यशाला"** आयोजित की गई।

4. क्षमता निर्माण

जापान में उद्योगों द्वारा उपयोग किए जा रहे ऊर्जा संरक्षण मार्गनिर्देशों और ऊर्जा प्रबन्धन मैनुअल के बारे में विचार–विमर्श करने हेतु 17 नवम्बर, 2016 को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), ऊर्जा संरक्षण केन्द्र जापान (ईसीसीजे), ऊर्जा व संसाधन संस्थान (टेरी) और विभिन्न उद्योग उप–समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले अभिहित उपभोक्ताओं ने भाग लिया। जापान में उद्योगों द्वारा उपयोग किए जा रहे ऊर्जा संरक्षण मार्गनिर्देशों और ऊर्जा प्रबन्धन मैनुअलों के फायदों के बारे में बताया गया। इन मार्गनिर्देशों और मैनुअलों से उद्योगों को पैट के लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। यह निर्णय लिया गया कि अभिहित उपभोक्ता अपनी किसी एक इकाई के लिए ऊर्जा संरक्षण मार्गनिर्देश और ऊर्जा प्रबन्धन मैनुअल बनाएंगे। इसके अतिरिक्त 23 से 27 जनवरी, 2017 को जापान में ऊर्जा संरक्षण मार्गनिर्देश और ऊर्जा प्रबन्धन मैनुअल के विवरण की जानकारी लेने के लिए एक बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई।

इस फोरम ने भविष्य में निम्नलिखित क्रियाकलापों पर कार्य करने का भी कार्य निर्णय लिया:

लौह और इस्पात, सीमेंट तथा लुगदी और कागज क्षेत्रों में अपशिष्ट ऊष्मा रिकवरी प्रौद्योगिकियों का आदान प्रदान।

जापानी अपशिष्ट ऊष्मा रिकवरी प्रौद्योगिकियां अन्तर्राष्ट्रीय रूप से उपलब्ध प्रौद्योगिकियों से अधिक दक्ष हैं और अधिकमंहगी हैं। प्रौद्योगिकी की आसानी से उपलब्ध कराने और उच्च प्रारम्भिक लागत के अवरोधों को कम करने केलिए भारत ने यह सुझाव दिया कि जापान की अपशिष्ट ऊष्मा रिकवरी कम्पनियां भारतीय कम्पनियों के साथ मिलकर संयुक्तउद्यम स्थापित करें।

निम्नलिखित के क्षेत्र में सूचना और विचारों का आदान.प्रदान करना:

- भारत के परिवहन क्षेत्र में ऊर्जा बचतों को बढ़ावा देना

- भारत में ऊष्मा पम्प प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना
- विद्युत उद्योगों, लघु एवं मध्यम उद्यमों और औद्योगिक उपकरण के क्षेत्र में ऊर्जा प्रबन्धकों और ऊर्जा लेखा परीक्षकों के लिए क्षमतानिर्माण कार्यक्रम जारी रखे जाएं।

2.1.3 भारत–संयुक्त राज्य अमरीका सहयोग

भारत–अमरीका ऊर्जा वार्ता के अंतर्गत, विद्युत मंत्रालय "विद्युत और ऊर्जा दक्षता" पर एक कार्यकारी समूह का नेतृत्त्व कर रहा है। विद्युत क्षेत्र में भारत–अमरीका सहयोग मुख्यतः नूतन स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विनियोजन और अंतरण के लिए कार्य कर रहा है। 19 अगस्त, 2015 को भारत–अमरीका ऊर्जा वार्ता के अंतर्गत कार्यकारी समूह की बैठक (वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से) आयोजित की गई।

भारत और अमरीका के बीच सहयोग का प्रमुख साधन है –उन्नत स्वच्छ ऊर्जाविनियोजन (पीएसीई–डी) कार्यक्रम। इस कार्यक्रम केअंतर्गत भाामिल किए गए क्षेत्रों में औद्योगिक दक्षता, भवन ऊर्जा दक्षता, ऊर्जा दक्षता निधीयन और संस्थागत सुदृढ़ीकरण है। कार्यकारी समूह की बैठक के दौरान, मानकों के लिए ढांचे का सृजन करने अथवा ऊर्जा दक्षता डेटा सेन्टर के लिए स्वैच्छिक रेटिंगप्रणाली के अपेक्षित लक्ष्य के साथ ऊर्जा दक्षता डेटा सेन्टर पर सहयोग के साथ आगे बढ़ने के लिए दोनों पक्षों में सहमति बनी।

यूएसएआईडी के अंतर्गत वर्तमान क्रियाकलाप (पीएसीई–डी)

- ईसीबीसी तकनीकी अपडेट और कार्यान्वयन के लिए सहायता
- नेट ज़ीरो ऊर्जा भवन
- ऊष्मायन, संवातन और वातानुकूलन
- अपशिष्ट ऊष्मा उपयोग
- निधीयन संस्थानों के लिए ऊर्जा दक्षता निधीयन और क्षमता निर्माण
- राज्य स्तरीय संस्थागत, विनियामक और नीतिगत विकास
- स्थल कूलिंग
- वातानुकूल कूलिंग चुनौती– परिणाम
- ऊर्जा दक्षता डेटा सेन्टर
- निम्न ग्रेड की अपशिष्ट ऊष्मा रिकवरी

2.1.4 भारत– रूस

नवम्बर, 2013 में निम्नलिखित विषयों पर जानकारी, सूचना और सर्वोत्तम कार्य–विधियों के साझा करने के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो और रूसी ऊर्जा एजेंसी के द्वारा एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए:

- ऊर्जा प्रबन्धन, ऊर्जा लेखा–परीक्षा और ऊर्जा सेवाओं के क्षेत्र में अनुभव को साझा करना।
- सम्मेलन और संगोष्ठियों का आयोजन।
- ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं को तकनीकी सहायता।
- प्रतिनिधि मंडलों का आपसी दौरा।
- समझौता ज्ञापन की अवधि तीन वर्ष के लिए वैध है।

2.1.5 भारत–चीन

ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में भारत और चीन के बीच 26 नवम्बर, 2012 को निम्नलिखित क्षेत्रों में पांच वर्ष तक कार्य करने के लिए भारत और चीन द्वारा एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

1. उद्योगों में ऊर्जा दक्षता के संवर्धन में सहयोग।
2. ऊर्जा सेवा कम्पनियों (ईएससीओ) के माध्यम से ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं का कार्यान्वयन।
3. ऊर्जा प्रबन्धन प्रणाली (आईएसओ 50001)
4. तापीय विद्युत संयंत्रों में ऊर्जा दक्षता संवर्धन।
5. एलईडी के लिए परीक्षण प्रोटोकोल और मानकों का संयुक्त रूप से विकास।

2.1.6 भारत–स्विट्जरलैंड

देश की विद्युत खपत का 33 प्रतिशत हिस्सा भारत में भवनों में प्रयुक्त होता है और आने वाले वर्षों में इसमें निर्माण क्षेत्र में भारी वृद्धि होने की आशा है। भवन निर्माण के क्षेत्र में, नए भवनों को अति ऊर्जा दक्ष बनाकर अभिकल्पन प्रक्रिया में बदलाव लाते हुए ऊर्जा खपत को कम करने की भारी सम्भावनाएं हैं।

भवनों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने के लिए स्विट्जरलैंड के साथ एक द्विपक्षीय समझौते में निम्नलिखित क्षेत्र शामिल किए गए हैं:

- एकीकृत डिजाइन शैरेट्स का विकास
- भवन निर्माण सामग्री परीक्षण अवसंरचना के विकास में तकनीकी सहायता
- ऊर्जा दक्ष आवासीय और सार्वजनिक भवनों के डिजाइन सम्बंधी दिशानिर्देश और उपकरण
- ज्ञान उत्पाद का उत्पादन और प्रसारण

इस ढांचे के अन्तर्गत विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार और स्विस कन्फेडरेशन के फेडरल डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन अफेयर्स (एफडीएफए) के बीच भारत स्विस ऊर्जा दक्षता निर्माण परियोजना (बीईईपी) आरम्भ की गई। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो विद्युत मंत्रालय की ओर से कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है, जबकि स्विस एजेंसी फॉर डिवेलपमेंट एण्ड कोऑपरेशन (एसडीसी) एफडीएफए की ओर से एक एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है। भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय मंत्रिमंडल के अनुमोदन के परिणामस्वरूप, भारत में नए भवनों में ऊर्जा खपत में कमी लाने के समग्र उद्देश्य से 8 नवम्बर, 2011 को दोनों सरकारों ने पांच वर्ष की एक संयुक्त परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और यह समझौता 7 नवम्बर, 2016 तक वैध था।

2011–2016 के दौरान परियोजना के सफल कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप दोनों सरकारें इस समझौता ज्ञापन की अवधि 5 वर्षों के लिए बढ़ाने के लिए सहमत हो गईं, अतः नवम्बर, 2016 में बीईई (8 नवम्बर, 2016 – 7 नवम्बर, 2021) के अनुवर्तन चरण के लिए इसकी अवधि बढ़ाने के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। माननीय विद्युत, कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, खनन राज्य मंत्री, भारत सरकार की उपस्थिति में बीईईपी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 28 नवम्बर, 2016 को दोनों देशों के बीच अनुवर्तन चरण के समझौता ज्ञापन का आदान–प्रदान हुआ।

ऊर्जा दक्षता निर्माण पर ऊर्जा के कार्यक्रम को पूरा करने के लिए बीईईपी का निरुपण किया गया है और इसमें निम्नलिखित पर बल दिया जाता है:

ऊर्जा दक्ष भवनों का डिजाइन बनाने के लिए नई कार्य–प्रणालियों, मार्गनिर्देशों और साधनों का विकास और उन्हें मुख्य धारा में लाना।

जागरूकता बढ़ाने और तकनीकी क्षमताओं का निर्माण करने तथा नई प्रौद्योगिकियों/उत्पादों का परीक्षण करने के लिए बीईईपी अनुवर्तन चरण का उद्देश्य विशेष रूप से भवनों में ऊर्जा खपत में कमी लाने के व्यापक प्रभाव को प्राप्त करने के लिए परियोजना के परिणामों को मुख्य धारा में लाकर पहुंच बनाना है।

इस कार्यक्रम का संचालन और निगरानी संयुक्त एपेक्स समिति (जेएसी) और संयुक्त कार्यान्वयन समूह (जेआईजी) के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी। जेएसी मुख्य रूप से एक संचालन निकाय है, जिसकी सह–अध्यक्षता संयुक्त सचित, विद्युत मंत्रालय और सहयोग निदेशक एवं काउंसलर, एसडीसी द्वारा की जाती है। दूसरी ओर जेआईसी कार्यक्रम के कार्यान्वयन की आवश्यक निगरानी उपलब्ध कराएगा तथा इसकी सह–अध्यक्षता विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा संरक्षण प्रभारी निदेशक तथा एसडीसी के वरिष्ठ थिमेटिक सलाहकार (ऊर्जा) द्वारा की जाती है। परियोजना के मार्गदर्शन और अनुवर्तन के लिए जेएसी तथा जेआईसी की नियमित बैठकें की जाती हैं। अभी तक 10 जेएसी और 18 जेआईजी की बैठकें हो चुकी हैं। जेएसी की अन्तिम बैठक 19 दिसम्बर, 2016 और जेआईजी की अन्तिम बैठक 23 फरवरी, 2017 के हुई थी।

बीईईपी (2011–2016) की कुछ मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

1. एकीकृत डिजाइन प्रक्रिया के माध्यम से ऊर्जा दक्ष भवनों के लिए तकनीकी सहायता।
2. ऊर्जा दक्ष भवन एन्वेलप के लिए प्रोद्योगिकियां
3. ऊर्जा दक्ष आवासीय और सरकारी भवनों के लिए डिजाइन मार्गनिर्देश
4. ज्ञान प्रचार–प्रसार एवं प्रशिक्षण

2.1.7 भारत–इंग्लैंड

